दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए.....

आज रिलीज होगा ऋतिक की फाइटर का टीजर....

वर्ष : 09 | अंक : 360 | लखनऊ, 09 दिसम्बर, शनिवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 25.c

न्यूनतम तापमान 17.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 66,901.91

निफ्टी 20,096.60

संक्षिप्त समाचार

भारत ने कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफल अभ्यास परीक्षण किया

नई दिल्ली, भारत ने कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का ओडिशा तट के अब्दुल कलाम द्वीप से सफलतापूर्वक अभ्यास परीक्षण किया। रक्षा विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, अग्नि-1 एक अत्यंत सटीक मिसाइल प्रणाली है। स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड के तत्वावधान में किए गए उपयोगकर्ता अभ्यास प्रक्षेपण परिचालन संबंधी और तकनीकी मापदंडों पर खरा उतरा। इससे पहले एक जून को इस केन्द्र से मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया था।

एमआईसीई उद्योग में अपार संभावना, विकसित करने पर ध्यान देने की जरूरत : पटेल

नई दिल्ली, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस बात पर अफसोस जताया है कि वैश्विक एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां) उद्योग में भारत का योगदान एक प्रतिशत से कम है। उन्होंने विशाल संभावना वाले इस क्षेत्र को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत बताई है। पटेल ने यह भी कहा कि गुजरात सरकार कॉन्फ्रेंस टूरिज्म विकसित करने का प्रयास कर रही है। पटेल यहां महात्मा मंदिर में प्री-वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम 14वें कन्वेंशन इंडिया कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, वैश्विक एमआईसीई उद्योग का मूल्य आकार मौजूदा समय लगभग 800 अरब डॉलर का है, लेकिन भारत का योगदान इसमें एक प्रतिशत से भी कम है। वैश्विक स्तर पर, सकल घरेलू उत्पाद में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 1.5 प्रतिशत है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी मात्र 0.2 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र का 40 प्रतिशत राजस्व और आठ प्रतिशत रोजगार एमआईसीई उद्योग से आता है।

पीएम मोदी ने 'वेड इन इंडिया' का दिया नारा

विदेशों में नहीं, पहाड़ों पर प्लान करें डेस्टिनेशन वेडिंग : प्रधानमंत्री मोदी

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित होने वाले 2 दिवसीय उत्तराखंड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। समारोह में उन्होंने राज्य को भारत के लिए विवाह स्थल बनाने का अनुरोध किया। पर्यटन क्षेत्र में राज्य में कितनी संभावनाएं हैं, इस पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा ये देवभूमि निश्चित ही आपके लिए अनेक द्वार खोलने वाली है। आज भारत विरासत के साथ-साथ विकास के जिस मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, उसका ज्वलंत उदाहरण उत्तराखंड है।

मोदी ने पर्यटकों को प्रकृति के साथ-साथ भारत की विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से थीम-आधारित पर्यटन सर्किट के निर्माण के बारे में भी बात की। इसके साथ ही पीएम मोदी ने इस बात को भी रेखांकित किया कि प्रकृति, संस्कृति और विरासत को अपने में समेटे उत्तराखंड एक ब्रांड के रूप में उभरने वाला है। इसके अलावा पीएम मोदी ने देश के अमीरों, संपन्न लोगों और युवाओं से 'मेक इन इंडिया' की तर्ज पर 'वेड इन इंडिया' आंदोलन शुरू करने की अपील की। उन्होंने उनसे अगले पांच वर्षों में उत्तराखंड में कम से कम एक विवाह समारोह आयोजित करने का अनुरोध किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में यह माना जाता है कि भगवान सबकी जोड़ी बनाते हैं, फिर वे जोड़े अपनी (दांपत्य जीवन की) नई यात्रा शुरू करने के लिए विदेश क्यों जाते हैं... 'मेक इन इंडिया' आंदोलन की तरह ही 'वेड इन इंडिया' आंदोलन होना चाहिए शुरू कर दिया। उत्तराखंड को डेस्टिनेशन वेडिंग स्पॉट बनाने के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग के तहत परिवार में से कम से कम एक शादी उत्तराखंड में की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उत्तराखंड में एक साल में 5000 शादियां भी होती हैं, तो एक नया बुनियादी ढांचा तैयार हो जाएगा और यह राज्य को दुनिया के लिए एक विवाह स्थल में बदल देगा।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनॉमी बनने जा रहा है। स्थिर सरकार, सपोर्टिव पॉलिसी सिस्टम, रिफॉर्म से ट्रांसफॉर्म की मानसिकता और विकसित होने का आत्मविश्वास, ऐसा संयोग पहली बार बना है। इसलिए, मैं कहता हूं कि यही समय है, सही समय है। ये भारत का समय है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी भारत आज अस्थिरता नहीं चाहता, वह स्थिर सरकार चाहता है। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में हमने ये देखा है और उत्तराखंड के लोगों ने इसे पहले ही करके दिखाया है।

पीएम मोदी ने केसीआर के जल्द स्वस्थ होने की कामना की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) के गिरकर चोटिल होने पर चिंता जताई और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर व्यथित हूं कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को चोट लगी है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। केसीआर के नाम से लोकप्रिय के.चंद्रशेखर राव को बृहस्पतिवार रात गिरने के बाद हैदराबाद के एक निजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भर्ती कराया गया है। उनकी हड्डी टूटने की आशंका है। केसीआर (69) भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष हैं। चिकित्सकों का एक दल राव की स्थिति का आकलन कर रहा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ ने लोगों से सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आग्रह किया

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों से सशस्त्र बल झंडा दिवस (एएफएफडी) कोष में दान करने और पूर्व सैनिकों, शहीद हुए सैनिकों की पत्नियों और उनके परिवारों का कल्याण सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयास में भागीदार बनने की अपील की। सिंह ने सात दिसंबर को एएफएफडी के अवसर पर एक संदेश में कहा कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है कि पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की पत्नियों और उनके आश्रितों की देखभाल, सहायता, पुनर्वास आदि के लिए रक्षा मंत्रालय की ओर से किए जा रहे प्रयासों में भागीदार बने। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि उन्हें हम वह सम्मान दें जिसके वे हकदार हैं। सशस्त्र सेना झंडा दिवस, सशस्त्र बलों के शहीदों और सैनिकों के सम्मान के लिए प्रतिवर्ष सात दिसंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सैनिकों द्वारा राष्ट्र के प्रति किए गए निस्वार्थ योगदान के प्रति आभार जताना है।

सीएम योगी ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक में क्या बात हुई, इसका तत्काल पता नहीं चल सका है। शाह के दफ्तर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले, आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की।

विदेशों से आ रहे चंदे के कारण राम मंदिर का खजाना लगातार बढ़ रहा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर का पहला चरण पूरा होने वाला है। पहले चरण का निर्माण कार्य अपने अंतिम स्तर पर पहुंच चुका है। राम मंदिर के भव्य निर्माण को पूरा होता देखने के लिए श्रद्धालु बेहद उत्सुक है। अयोध्या में बना रहे श्री राम मंदिर के पहले चरण का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है इसके बाद भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में चंदा दे कर रहे हैं। राम मंदिर निर्माण के लिए दान अब भी लगातार आ रहा है। इसकी जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दी गई है। ट्रस्ट का कहना है कि राम मंदिर केक खजाने में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है।

मंदिर की खजाने के संबंध में ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि हमें एफसीआई से भी प्रमाण पत्र मिल चुका है। प्रमाण पत्र मिलने के बाद राम मंदिर निर्माण के लिए विदेश से भी चंदा भरपूर मात्रा में आ रहा है। इस संबंध में कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देवगिरी ने कहा कि रामलाल के लिए आ रहे कोष के बारे में लोगों को जानने की काफी जिज्ञासा है। भगवान राम लाल का कोष लगातार बढ़ता जा रहा है। मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने को है और कोष भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

विदेश से आ रहा चंदा

स्वामी गोविंद देवगिरी ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए विदेश से भी चंदा आने लगा है। विदेश से चंदा लेने के लिए एफसीआरए की अनुमति जरूरी है, जो ट्रस्ट को प्रमाण पत्र के जरिए मिल चुकी है। अब ट्रस्ट को विदेशों से भी भरपूर मात्रा में चंदा आ रहा है। हालांकि कितना चंदा विदेश से आ चुका है इसकी जानकारी साझा नहीं की गई है।

22 जनवरी को होनी है रामलीला की प्राण प्रतिष्ठा

बता दे की राम मंदिर के प्रथम तेल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। देश भर के राम भक्तों को इंतजार है कि 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की जाए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिरकत करेंगे। उनके अलावा कहीं भी वीआईपी मेहमानों को न्योता भेजा जा चुका है।

आने वाले 25 वर्षों में भारत विश्व गुरु बनेगा : अमित शाह

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को खुद को विद्यार्थी परिषद का ऑर्गेनिक प्रोडक्ट बताते हुए कहा कि युवाशक्ति किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी होती है। वह दिल्ली के बुराड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने अपनी सांस्कृतिक विरासत को अपनाया है और दुनिया भर में इसका उचित श्रेय दिया है ! मोदी जी ने संकल्प लिया है कि आने वाले 25 वर्षों में भारत विश्व गुरु बनेगा।

विद्यार्थी परिषद की भूमिका

शाह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने अनेक मौकों पर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान, शील, एकता के अपने मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए, धैर्यपूर्वक एक पथ का निर्माण किया और देश के सामने, शिक्षा जगत के सामने एवं देश की सीमाओं के सामने जो भी चुनौतियां आईं, उस हर चुनौती के साथ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया है। ये देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 1949 से 2023 तक की यात्रा देश के विकास के साथ-साथ जुड़ी है। ढेर सारी चीजों में

विद्यार्थी परिषद ने स्व जोड़ने का संघर्ष किया है। चाहे भाषा का आंदोलन हो, शिक्षा का आंदोलन हो, चाहे संस्कृति को बरकरार रखना हो। हर चीज में स्व का महत्व विद्यार्थी परिषद ने समाज को युवाओं के माध्यम से बताया है।

विकसित भारत का लक्ष्य

शाह ने कहा कि अमृत महोत्सव और अमृतकाल का जो संकल्प नरेन्द्र मोदी जी ने देश के सामने रखा है, वो आपके लिए है। क्योंकि इसे देखने के लिए आप सभी होंगे। जब आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब उस आजादी के लिए बलिदान देने वाली सभी हुतात्माओं की कल्पना का भारत बनाने की जिम्मेदारी विद्यार्थी परिषद जैसे संगठन की है, मेरे सामने जो विराट युवाशक्ति बैठी है उसकी है। उन्होंने कहा कि युवाशक्ति किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी होती है और युवाशक्ति ही देश एवं समाज को शिखर पर ले जाने का काम करती है।

युवाओं ने युग परिवर्तन किया

अमित शाह ने कहा कि भारत में ढेर सारे युवाओं ने युग परिवर्तन किया है। आपको तो रास्ता तलाशने की भी जरूरत नहीं है, 75 वर्षों में विद्यार्थी परिषद की पीढ़ियों ने ज्ञान, शील, एकता का जो रास्ता बनाकर रखा है, उसी रास्ते पर आपको चलना है। आपको सिर्फ संकल्प लेने की आवश्यकता है। भारत का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हर समस्या के समाधान के लिए आज विश्व भारत की ओर आशा के साथ देख रहा है। आप सभी युवाओं की जिम्मेदारी है कि ये जो परिवर्तन आया है, इस परिवर्तन को सातत्यपूर्ण बनाते हुए हमारी कल्पना के भारत की रचना आपको करनी है।

मुस्लिम व्यापारियों ने मंदिर में मेले के दौरान स्टॉल आवंटित नहीं करने का आरोप लगाया

अमन लेखनी समाचार

दक्षिण कन्नड़ जिले के मुस्लिम व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि राज्य धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग द्वारा प्रशासित कुडुपु अनंतपद्मनाभ मंदिर यहां अल्पसंख्यक समुदाय के विक्रेताओं को स्टॉल आवंटित नहीं कर रहा है। छह दिवसीय षष्ठी महोत्सव के लिए मंदिर परिसर में स्टॉल लग रहे हैं। यह मेला 14 दिसंबर से शुरू होगा। दक्षिण कन्नड़ (डीके) के उपायुक्त मुल्लई मुहिलन को दिए एक ज्ञापन में मुस्लिम व्यापारियों के मंच के अध्यक्ष बी के इम्तियाज ने कहा कि एक समूह ने मंदिर अधिकारियों को धमकी दी है कि अगर मुस्लिम व्यापारियों को स्टॉल आवंटित किए गए तो अशांती फैल जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि धमकी मिलने के बाद मंदिर अधिकारियों ने मुस्लिम विक्रेताओं को स्टॉल आवंटित नहीं किए। उन्होंने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप करने और छह दिवसीय मेले के दौरान गरीब मुस्लिम व्यापारियों को स्टॉल में अपना सामान बेचकर जीविका चलाने की अनुमति देने को कहा। ज्ञापन लेनेवाले अतिरिक्त उपायुक्त संतोष कुमार ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर मंदिर अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिमाचल में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित की : प्रतिभा सिंह

नई दिल्ली, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर परोक्ष हमला बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने वाले कार्यकर्ताओं को अधिक जिम्मेदारी देकर पुरस्कृत किया जाना चाहिए। प्रतिभा सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी सत्ता में आई है और उनकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री पद की दावेदार रहीं प्रतिभा सिंह ने राज्य में कांग्रेस सरकार के एक साल पूरा होने के अवसर पर आयोजित पार्टी की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए जिला और प्रखंड स्तर के नेताओं के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने पहले कहा था कि 11 दिसंबर को सरकार गठन के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में धर्मशाला में रैली की घोषणा करने से पहले सुक्खू ने उनसे सलाह नहीं ली थी।

झारखंड सरकार प्रति क्विंटल धान पर समर्थन मूल्य से 117 रुपये अधिक देगी

झारखंड सरकार ने 2023-24 में सूखा प्रभावित किसानों को प्रति क्विंटल धान के बदले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 117 रुपये अधिक कीमत प्रदान करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया केंद्र ने धान (सामान्य) के लिए एमएसपी 2,183 रुपये प्रति क्विंटल तय की है जो पिछले साल 2,040 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक है। केंद्र ने धान (ग्रेड ए) के लिए एमएसपी 2,203 रुपये प्रति क्विंटल तय की है, जो पिछले साल के 2,060 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक है। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि कैबिनेट के इस फैसले से झारखंड के किसानों को एक क्विंटल धान बेचने पर 2,300 रुपये मिलेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छात्रों के पियानो परफॉर्मेंस से मंत्रमुग्ध हुईं

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ए आर रहमान फाउंडेशन द्वारा संचालित के एम म्यूजिक कंजर्वेटरी के छात्रों के पियानो बजाने संबंधी परफॉर्मेंस से काफी प्रसन्न हुईं। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में प्रतिभाशाली बच्चों ने एक असाधारण प्रस्तुति दी जिसका समापन पियानो परफॉर्मेंस के साथ हुआ। इन बच्चों में कुछ वंचित वर्ग की पृष्ठभूमि से थे और प्रसिद्ध संगीतकार रहमान से जुड़े हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इतनी कम उम्र में ऐसा प्रदर्शन इन युवा प्रतिभाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगा।

कांग्रेस सांसद के ठिकानों से 200 करोड़ कैश बरामद

मोहब्बत की दुकान पर भ्रष्टाचार का कारोबार चल रहा है : बीजेपी

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, शुक्रवार को ओडिशा और झारखंड में कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े कई ठिकानों से 200 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई। आयकर विभाग बुधवार (6 दिसंबर) से पड़ोसी राज्यों में साहू के परिसरों पर छापेमारी कर रहा था। खबर लिखे जाने तक छापेमारी जारी थी। सूत्रों के मुताबिक, ओडिशा में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की गई, जहां से ज्यादातर नकदी बरामद की गई। अन्य स्थानों पर संबलपुर, बोलांगीर, टिटिलागढ़, बौध, सुंदरगढ़, राउरकेला और भुवनेश्वर में छापे मारे गए। वहीं, नोटों की गिनती अभी भी जारी है।

इसी को लेकर भाजपा हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने आखिर कहां-कहां काली कमाई और नोट छिपा रखे की है? राहुल गांधी और सोनिया गांधी बार-बार नोटबंदी के खिलाफ क्यों बोलते हैं? झारखंड में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां से 200 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद मिली और गिनती जारी है... बैग और बोरियां कम पड़ गईं... कांग्रेस, करप्शन (भ्रष्टाचार) और कैश, ये तीनों एक साथ चलते हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि मोहब्बत की दुकान पर भ्रष्टाचार का कारोबार चल रहा है... कांग्रेस के आलाकमान और गांधी खानदान को देश को ये बताना होगा कि उनके जिस सांसद के 10 ठिकानों से जो 200 करोड़ रुपये बरामद हुए, ये कांग्रेस नेता गांधी खानदान में किसका ATM था? अब तक कांग्रेस पार्टी ने चुप्पी साध रखी है... ये कौन है जिसका ATM बनकर कांग्रेस का ये नेता उभरा है?

भाजपा के गौरव भाटिया ने कहा कि घमंडिया गठबंधन दीमक की तरह हमारे देश की अर्थव्यवस्था, समाज, नागरिकों के अधिकारों को खा रहा है। कांग्रेस, आप, टीएमसी जैसी पार्टियां आज भ्रष्टाचार, लूट-खसोट व कमीशनखोरी का पर्याय बन गई हैं। आश्चर्य की बात ये है कि इस पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खड़गे चुप हैं। उन्होंने कहा कि पांच प्रदेशों के चुनाव में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ा मुद्दा था और भाजपा ने इसे जोर शोर से उठाया। एक तरफ घमंडिया गठबंधन की भ्रष्टाचार की गारंटी है, तो वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री जी की गारंटी है कि भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म कर देंगे और जनता की पाई पाई वसूलेंगे।

जब्त किए गए पैसों की गिनती में बैंक स्टाफ के साथ 30 से ज्यादा अधिकारी शामिल थे। मुद्राओं को गिनने के लिए आठ से अधिक गिनती मशीनों का उपयोग किया जा रहा था। मतगणना क्षमता बढ़ाने के लिए तीन और मशीनें मंगाए जाने की संभावना है। मुद्रा से भरे लगभग 150 पैकेट अब तक बोलांगीर में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में ले जाए गए हैं।

संक्षेप

घरौनी दर्ज करने को लेकर आ रहीं समस्याओ के लिये महापंचायत

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के गांवो से राजस्व विभाग द्वारा चलाये गये अभियान के बाद भी घरौनी में नाम ना दर्ज होने की आ रही शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये केन्द्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद कौशल किशोर शनिवार को एसडीएम व तहसीलदार समेत राजस्वकर्मियों की मौजूदगी में खुजौली गांव में महापंचायत का आयोजन कर घरौनी दर्ज कराने में आ रही दिक्कतो का मौके पर निस्तारण करायेगे।सासंद प्रतिनिधि प्रवीण अवस्थी ने बताया शनिवार की सुबह दस बजे खुजौली में घरौनी दर्ज करने में आ रही समस्याओ को लेकर केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के नेतृत्व व विधायक अमरेश रावत समेत तहसील अफसरो की मौजूदगी में महापंचायत का आयोजन किया जायेगा।

सीआरपीएफ कर्मी ने पड़ोसी पर रास्ते में मवेशी बांधने व उन्हें हटाने पर अभद्रता करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। बिजनौर इलाके के नूरनगर-भदरसा में रहने वाले सीआरपीएफ कर्मी टीपू ने अपने पड़ोसी पर रास्ते में मवेशी बांधने व उन्हें हटाने पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है।टीपू का कहना है कि वह सीआरपीएफ में नौकरी करता है और गांव में उसकी मां व बहन रहती है। आरोप है कि उसका पड़ोसी अरविन्द यादव दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है। अरविन्द की गाय भैंस रास्ते में बंधी रहती है, उनको हटाने पर वह गाली गलौज पर उतारू हो जाता है।विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के साथ ही पीड़ित को अपने माँ बाप का अकेला लड़का होने की बात कहते हुए उसे निपटा देने की धमकी देता है। आरोप है कि अरविन्द खुद के ऊपर चल रहे 20 केस के बावजूद एक और मुकदमा चलने पर कोई फर्क न पड़ने की भी धमकी देता है। फिलहाल बिजनौर पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच कर रही है।

सीएम योगी ने दिए सख्त निर्देश, तीन बार से अधिक पेनॉल्टी लगी तो ब्लैक लिस्ट करें फर्म

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट की समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। हर परियोजना में अनिवार्य रूप से इनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपने विभाग की निमार्णाधीन परियोजनाओं की पाक्षिक समीक्षा करें। कार्य में देरी हो, मासिक टाइमलाइन का पालन न हुआ हो, गुणवत्ता मानक के अनुरूप न हो तो तत्काल जवाबदेही तय करें। समयबद्धता और गुणवत्ता का मानक पूरा न करने वाली फर्म पर पेनॉल्टी लगाई जाए। यदि तीन बार पेनॉल्टी लगानी पड़े तो संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाए।

चंदौली, बुलन्दशहर, बिजनौर, ललितपुर, पीलीभीत, कानपुर देहात, गोंडा, औरैया, लखीमपुर खीरी, कौशाम्बी, कुशीनगर, सुल्तानपुर, सोनभद्र मेडिकल कॉलेजों में आगामी सत्र से एमबीबीएस में प्रवेश होना है। इन सभी 13 मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्य को प्रत्येक दशा में जनवरी के अंत तक पूरा करा लिया जाए। हैंडओवर लेने से पूर्व कार्य की गुणवत्ता की सूक्ष्मता से जांच की जाए। इन सभी मेडिकल कॉलेजों का शुभारंभ एक साथ हो, इस लक्ष्य के साथ तेजी से काम पूरा कराएं।

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के भवन निर्माण को इसी माह में पूरा करा लें। जबकि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर और अमेठी मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों को तेज करने की आवश्यकता है। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर, राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में अध्ययन-अध्यापन प्रारंभ हो चुका है। आगामी सत्र से यह सभी विश्वविद्यालय अपने परिसर में संचालित हों, इसके लिए इनका निर्माण कार्य आगामी 31 जनवरी तक पूरा करा लिया जाए। फर्नीचर आदि की उपलब्धता समय से करा लें।

सैनिक स्कूल, गोरखपुर का काम जनवरी और यूनानी मेडिकल कॉलेज, बरेली के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए आगामी फरवरी तक पूरा करा लें। सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र, रामपुर का निर्माण कार्य की गति अपेक्षानुरूप नहीं है। इसमें तेजी अपेक्षित है।

निर्माण परियोजनाओं में देरी न केवल लागत में वृद्धि का कारण बनती है, बल्कि लक्षित वर्ग को समय पर लाभ से वंचित भी करती है। मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, कारागार सहित निर्माण कार्य से जुड़ी किसी भी परियोजना का बजट पुनरीक्षण न किया जाए। 10 जनपदों में प्रस्तावित जिला न्यायालय के निर्माण के लिए भूमि चयन, कंसल्टेंट चयन डीपीआर आदि की प्रक्रिया में विलंब न हो। नियोजन विभाग द्वारा इसे शीर्ष प्राथमिकता दी जाए।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मायके वालों ने काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

मृतका बबली – फाइल फोटो

लखनऊ। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लखनऊ जनपद के माल निवासी इंद्रपाल यादव ने बताया कि उसने अपनी बेटी का विवाह 15 वर्ष पूर्व रहीमाबाद थाना के ग्राम तरौना निवासी योगेन्द्र कुमार यादव से की थी। योगेन्द्र सब्जी बेचकर गुजारा करता है। शादी के कुछ दिन बाद से ही वह बबली को प्रताड़ित करता था। बेटी बबली अक्सर फोन पर ससुराली जनों की शिकायत करती। भाई ने बताया कि बीते पिछले महीने बहन बबली ने फोन कर मायके ले चलने को कहा था। इस पर उन्होंने कुछ दिन में घर आने की बात कहकर सब ठीक होने का भरोसा दिया था। शुक्रवार दोपहर को मोबाइल फोन के माध्यम से उन्हें बहन की मौत की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे तो बबली का शव बरामदे में पड़ा था। हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतका के परिवार में तीन बेटे अभय, निर्भय और रूबल हैं, जिनका रो रो कर बुरा हाल है। रहीमाबाद एसओ अजीत कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

सैनिक स्कूल के छात्रों में दो गुट में जमकर मार पीट बाहर से आए युवकों ने छात्रा को जमकर पीटा, छात्र हुआ लहूलुहान

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में वर्चस्व को लेकर शुक्रवार को एक कालेज के छात्र आपस में भिड़ गये। इस दौरान एक गुट के साथ बाहर से आए युवकों ने छात्रों के साथ जमकर मारपीट की। जिससे एक छात्र घायल हो गया। मौके पर मौजूद घायल छात्र के साथी उसे इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। कालेज प्रशासन ने कालेज के अन्दर ऐसी कोई मारपीट होने से साफ इनकार किया है। सरोजनीनगर स्थित राजकीय सैनिक स्कूल के छात्रों के दो गुट शुक्रवार को छुट्टी के बाद आपस में भिड गये। बताया जाता है कि इस दौरान दोनो गुटों के छात्रों ने डण्डों व ईंट-पत्थरों से एक दूसरे पर हमला कर दिया। जिससे एक छात्र के सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद उसके साथियों ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी।

फाइलेरिया सहित अन्य वेक्टर जनित रोगों पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को जनपद के होटल में फाइलेरिया, जे.ई., डेंगू और मलेरिया नियंत्रण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया क इस प्रशिक्षण में समस्त नगरीय एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया क प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वेक्टर जनित रोगों से ग्रसित रोगियों को समुचित उपचार प्रदान करना है क

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. गोपी लाल ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षण प्राप्त प्राप्त करने के बाद अपने स्वास्थ्य केन्द्रों के तहत रोगियों को उचित और पूर्ण उपचार प्रदान करते हुए प्रशिक्षण को सफल बनाये , उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण ने पर्यावरण परिवर्तन पर सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए नवीन बीमारियों के बारे में बताया प्रशिक्षण में स्वयंसेवी संस्था पाथ की ओर से डॉ. शोएब अहमद, स्टेट लीड, एन.टी.डी. ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) और रोगी की देखभाल व रखरखाव पर विस्तार से बताया क उन्होंने डेंगू और मलेरिया की उपचार नीति पर जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू में प्लेटलेट से ज्यादा जरूरी फ्लूइड मैनेजमेंट होता है, यदि फ्लूइड मैनेजमेंट बेहतर ढंग से हो तो मरीज बहुत जल्दी ठीक हो जाता है क पी.सी.आई. संस्था से विकास द्विवेदी ने अंतर व्यैक्तिक संचार के माध्यम से समुदाय को जागरूक करने पर चर्चा की संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) से रंजना द्विवेदी, नेशनल हेड ने बताया कि फाइलेरिया रोगियों की देखभाल और मोर्बिडिटी मैनेजमेंट पर फाइलेरिया रोगियों द्वारा बनाये गए नेटवर्क के सहयोग से आई.डी.ए. कार्यक्रम में सहयोग किया जा रहा है, आगे भी जनपद में इन नेटवर्क के द्वारा सहयोग किया जाता रहेगा पाथ से डॉ. शिवम्शिदे, स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर ने जे.ई/ए.ई.एस के बारे में सभी को विस्तार से बताते हुए वर्तमान स्थिति से अवगत कराया जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव, द्वारा सभी प्रतिभागियों को संचारी रोगों के नियंत्रण करने में उनकी भूमिका से अवगत कराया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की गई कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. शेखर समस्त सामुदायिक केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, सभी अर्बन और रूरल वरिष्ठ/मलेरिया निरीक्षक, पाथ-सीएचआरआई से आइवीएम-कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार वर्मा, पाथ के जिला समन्वयक मुन्ना यादव, सीफॉर से सर्वेश सहित जिला मलेरिया कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहें

वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। डेहवा में स्थित गुरुकुल एकेडेमी में गुरूवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान सौ मीटर दौड़,रस्सी कूद दौड़,फुटबाल दौड़,लम्बी कूद,गोला फेकना,ऊंची कूद समेत अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया।खेलकूद प्रतियोगिताओ का शुभारम्भ मैनेजर रीतेश तिवारी ने प्रधानाचार्य अनुपम सक्सेना ने किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओ को मैनेजर रीतेश तिवारी व अभिभावको ने मैडल पहनाकर पुरस्कृत किया।मैनेजर रीतेश तिवारी ने खेलो के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ होते है।उपप्रधानाचार्य मोनिका श्रीवास्तव व शिक्षक जयंत तिवारी के निर्देशन में खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इस मौके पर समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राओ समेत अभिभावक मौजूद रहें।

अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन से कटकर किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते बृहस्पतिवार को घर से निकले किसान की अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन से कटकर मौत। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने में जुटी भतीजे ने कपड़े व चेहरे से विजय कुमार की पहचान की। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लालूहार निवासी विजय कुमार (40) बृहस्पतिवार शाम को बिना कुछ बताए घर से निकल गए थे। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनो ने आसपास तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि रहीमाबाद व कैथुलिया के मध्य रेलवे ट्रैक पर अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। भतीजे कौशल ने कपड़े व चेहरे से चाचा विजय कुमार की पहचान की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी मालती, बेटी चांदनी, प्रिया व दो बेटे अतुल हर्ष है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

यूपी: फिलहाल थम जाएगा बादल और बारिश का दौर, कोहरे और सर्दी को लेकर मौसम विभाग ने की भविष्यवाणी

लखनऊ, यूपी का मौसम अब सामान्य होने वाला है। चक्रवात से हुआ बदलाव स्थिर होने के बाद बारिश का दौर फिलहाल थम जाएगा। दिन में अब धूप निकलने की संभावना है। गुरुवार को दिन में हल्की गर्मी भी महसूस की गई, हालांकि अब रात सर्द होने जा रही हैं। यूपी में चक्रवाती तूफान लौट चुका है। ऐसे में शुक्रवार से बादल-बारिश का दौर फिलहाल थम जाएगा। इसके साथ ही लखनऊ समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश में सर्द रातों का सिलसिला शुरू होगा। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक पश्चिम यूपी में भी तापमान गिरेगा, लेकिन धीमी गति से। सुबह हल्के कोहरे के साथ रात में पारा गिरेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मो. दानिश के मुताबिक पारे को लेकर कोई अलर्ट तो नहीं है, लेकिन धीरे-धीरे कोहरा बढ़ेगा।

घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव निवासिनी के घर में घुसकर दबंगों ने परिवार से जमकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस को दी तहरीर, पुलिस ने दो लोगों पर मुकदमा किया दर्ज। मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माधौपुर निवासिनी गुड्डी ने तहरीर के माध्यम से बताया की लखनऊ मड़ियावा में राहुल यादव के होटल पर गांव के ही राहुल व बिरजू की कहा सुनी हो रही थी। जिसमें मेरे बेटे विकास ने बीच बचाव किया था। जिसको लेकर राहुल को यह बात अखर गई। जो बीते मंगलवार रात्रि करीब साढ़े 9 बजे राहुल के घर के पवन व मोहित ने रात के अंधेरे में घर में घुसकर मारपीट करने लगे जिस पर बहू कुसुम ने विरोध किया तो उसे और गुड्डी को जमकर पीटा। और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जिसपर गुड्डी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर दो लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही।

शादीशुदा प्रेमिका पर ब्लेड से किया वार फिर खुद की गर्दन रेती, दूसरी जगह शादी करने से था खुन्नस में

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, कैसरबाग स्थित मेजबान होटल में बृहस्पतिवार तड़के कमरे में सो रही शादीशुदा प्रेमिका पर प्रेमी ने ब्लेड से हमला कर दिया। युवती को गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपी ने ब्लेड से अपनी भी गर्दन रेत ली। पुलिस ने दोनों को केजीएमयू में भर्ती कराया, जहां युवक की हालत गंभीर बताई गई है। महिला के भाई ने आरोपी युवक के खिलाफ कैसरबाग थाने में केस दर्ज कराया है।

कानपुर नौबस्ता निवासी 29 वर्षीय युवती बुधवार रात अपने 26 वर्षीय प्रेमी बिधनू निवासी रिशु सिंह गौर के साथ कैसरबाग के लाटूश रोड स्थित होटल मेजबान आई थी। दोनों ने कमरा नंबर 201 बुक किया। युवती के मुताबिक बृहस्पतिवार तड़के करीब चार बजे वह कमरे में सो रही थी। इस बीच रिशु ने ब्लेड से उस पर हमला कर दिया। उसके चेहरे और शरीर पर कई जगह चोटें आईं। इसके बाद रिशु ने ब्लेड से अपनी गर्दन रेत ली। कमरे में चीख-पुकार सुन होटल के लोग जमा हो गए। सूचना पर कैसरबाग पुलिस भी पहुंची।

कमरे का दरवाजा खोला तो दोनों खून से लथपथ मिले। पुलिस ने इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। रिशु की हालत गंभीर बनी है। खबर पाकर युवती के परिजन ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि ने बताया कि युवती के भाई ने रिशु सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

प्रेमिका की शादी से परेशान था रिशु

छानबीन में पुलिस को पता चला है कि युवती और रिशु के बीच काफी समय से प्रेम-प्रसंग था। दोनों शादी करना चाहते थे, पर लड़की के परिजन ने दूसरी जगह उसकी शादी कर दी। इससे रिशु खुन्नस रखने लगा। घायल महिला कम्युनिटी हेल्थ अफसर है, जबकि रिशु प्राइवेट काम करता है। जांच में यह भी पता चला कि दोनों बुधवार रात करीब 10 बजे होटल मेजबान पहुंचे और खुद को पति-पत्नी बताकर कमरा बुक किया। इसके बाद कमरे में चले गए। बृहस्पतिवार तड़के कमरे से शोर आने पर होटलवालों को घटना का पता चला।

गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर के हनुमान पुरी निवासी आरती यादव ने अपने पति मानक नगर के भोला खेड़ा निवासी प्रमोद यादव के अलावा जेठ राकेश, जेठानी रन्नो और जेठ की बेटी पूजा के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और दहेज उत्पीड़न की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरती यादव के मुताबिक उसका विवाह 26 जून 2020 को मोहनलालगंज के त्रिलोकपुर, भदेसुआ निवासी प्रमोद यादव के साथ हुआ था। प्रमोद इस समय मानक नगर के भोला खेड़ा में रहता है। आरती का कहना है कि विवाह के 6 माह बीतने के बाद ही उसका पति प्रमोद, जेठ राकेश और जेठानी रन्नो के अलावा जेठ लेखराज की बेटी पूजा आए दिन दहेज में प्लाट की मांग को लेकर मारने पीटने लगे। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि उसके पति प्रमोद का परिवार की एक महिला के साथ अवैध संबंध है। इसकी जानकारी होने पर जब पीड़िता ने पूछा तो पति ने उसे बुरी तरह पीटा। आरोप है कि गलत संबंधों के चलते उसका पति पीड़िता के मायके में ही उसे छोड़ देता है। जब मायके वालों ने किसी तरह समझा कर उसे ससुराल पहुंचाया तो वहां फिर आरोपियों ने मारा पीटा और मायके वालों से प्लाट खरीद कर देने की मांग की। इस मामले में पीड़िता ने आरोपियों के ऊपर जान से मारने का संदेह भी जातया है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

16 अधिशासी और अधीक्षण अभियंताओं को चेतावनी, दो को प्रतिकूल प्रविष्टि, अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने शुक्रवार को जोनवार समीक्षा की। एकमुश्त समाधान योजना के साथ ही विभाग में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी ली। काम में लापरवाही मिलने पर 16 अधिशासी और अधीक्षण अभियंताओं को चेतावनी दी। दो अधीक्षण अभियंताओं को प्रतिकूल प्रविष्टि और मथुरा व लखनऊ के गोमती नगर के अधिशासी अभियंता को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम भेजने का निर्देश दिया।

राजधानी के गोमती नगर स्थित नगरी निकाय निदेशालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने 11 बिन्दुओं पर अधिकारियों के पेंच कसे। एकमुश्त समाधान योजना में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा बकायदारों को इसका फायदा दिलाया जाए। उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

सभी प्रबंध निदेशकों और मुख्य अभियंताओं से कड़े शब्दों में कहा कि जो भी अवर अभियंता, सहायक अभियंता, अधिशासी अभियंता काम नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि निदेशक और मुख्य अभियंताओं की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस दौरान कम प्रगति वाले खंडों से स्पष्टीकरण लिया गया। उन्होंने राजस्व की समीक्षा, बिलिंग, मीटर रीडर द्वारा बिल जमा कराये जाने की स्थिति आदि पर विस्तार से चर्चा की।

इनके खिलाफ हुई कार्रवाई

जोनवार समीक्षा के दौरान पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने विभिन्न परियोजनाओं की खराब प्रगति मिलने पर अधिशासी अभियंता मवाना, बड़ौत, चांदपुर, सहारनपुर प्रथम और द्वितीय, आगरा, माठ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। वहीं अधीक्षण अभियंता सहारनपुर, गाजियाबाद प्रथम और द्वितीय, मेरठ को भी नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। अधीक्षण अभियंता अमरोहा और धामपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान मुख्य अभियंता वाराणसी को भी काम सुधारने की चेतावनी दी। लेसा की स्थिति पर सख्त नाराजगी जताते हुए अधीक्षण अभियंता गोमती नगर को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। इसी तरह अधिशासी अभियंता मथुरा को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम भेजने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य अभियंता कानपुर एक और कानपुर दो को भी कार्य में सुधार लाने की हिदायत दी।

समीक्षा के दौरान अभियंता हुआ बेहोश

समीक्षा बैठक के दौरान लेसा के सीतापुर रोड खंड के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गुप्ता अचानक बेहोश हो गए।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

अज्ञात युवक पर भागा ले जाने का परिजनों ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में 5 दिन पहले घर से दूध का पैकेट लेने निकली एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद एक अज्ञात युवक के खिलाफ उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के एलडीए, कानपुर रोड निवासी व्यक्ति के मुताबिक बीती 5 दिसंबर की शाम करीब 5:30 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से दूध का पैकेट लेने निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। बाद में रिश्तेदार और परिचितों के यहां उसकी कॉफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल सका। पीड़ित का कहना है कि घर के मोबाइल पर मिले संदिग्ध नंबर 7856884344 के आधार पर अगले दिन 6 दिसंबर को रात करीब 9:30 बजे छोटी बहन ने उक्त व्हाट्सएप नंबर पर कई बार बात की तो उसमें बेटी की आवाज सुनाई पड़ी। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उक्त फोन नंबर वाला युवक ही उसे बहला फुसला कर कहीं भाग ले गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी का पता लग रही है।

संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से अज्ञात युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग के किनारे अज्ञात युवक का शव पड़ा लोगो ने देखा तो हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना क्षेत्र के काली मिट्टी चौराहा निवासी ललित कुमार पुत्र रमेश रोज की भांति सुबह मार्ग किनारे टहलने जा रहे थे तभी उन्हें हरदोई उन्नाव मार्ग के किनारे चौराहे से करीब 100 मी0 की दूरी पर एक लगभग 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा देखा जिसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई मृतक के शरीर से अधिक रक्तस्राव भी हुआ सूचना पर पहुची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, किन्तु उसकी पहचान नही हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी राजेश पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

साइड न देने पर कार सवार ने ट्रक चालक को पीटा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के संडीला मार्ग पर देर रात मध्य प्रदेश के जिला सीधी थाना अमिलिया निवासी राकेश वर्मा 32 वर्ष पूत्र भैयालाल संडीला मार्ग से ट्रक लेकर जा रहा था कि रास्ते में पीछे से आ रहे कार सवार ने कई बार ट्रक ड्राइवर को हॉर्न दिया, लेकिन आगे जगह न होने के कारण ड्राइवर उसे पास नहीं दे सका. इस बात से गुस्से में आग बबूला हुए कार ड्राइवर ने किसी तरह उसे ओवरटेक करने के बाद ट्रक को रोक लिया और उसे नीचे उतारकर बीच सड़क पर पीटने लगा.घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर , मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बीती देर रात पैदल जा रहे युवक को हरदोई उन्नाव मार्ग पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के चक मीरापुर निवासी श्री पाल पुत्र भारत देर रात अपने घर पैदल जा रहा था हरदोई उन्नाव मार्ग के दुल्लापुरवा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई।

आवासीय पट्टे पर निर्माण कार्य करवा रहे ग्रामीणों से लेखपाल ने मांगा सुविधा शुल्क

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आवास के लिए आवंटित किए गए भूमि पट्टों पर पात्रों ने जब रुपिया एकत्र कर अपना अपना आवास निर्माण कराना शुरू किया तो सूचना पर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी जिससे करीब एक दर्जन भूमि पट्टे धारक तहसील परिसर पहुंच एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि लेखपाल सुविधा शुल्क की मांग कर रहा है।एसडीएम ने छह सदस्यीय टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए।

सफीपुर तहसील क्षेत्र के सैंता गांव में वर्ष 2020 में गरीब पात्रों को आवासीय भूमि पट्टे आवंटित किए गए थे।जिन्हें तत्कालीन लेखपाल ने चिन्हांकन कर पट्टा वितरित कर दिया ।जिसमे से कई लोग अपना आवास बनाकर निवास कर रहे है लेकिन पट्टा धारक गंगाराम,मोती,लल्ला,जुम्मन घनश्याम,वसीक, मेराज, विशम्भर, सलीम,सुहैल आदि की आर्थिक स्थित कमजोर होने से वह घर नही बना सके।अब जबकि यह लोग धन एकत्र कर घर बनाने के लिए आवंटित भूमि पट्टे पर पहुंचे तो क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य पर रोक लगा दी जिससे पट्टा धारकों में रोष फैल गया। पट्टा धारकों का आरोप है कि लेखपाल सुविधा शुल्क की मांग कर रहा है।जिसको लेकर एकत्र होकर पट्टा धारक शुक्रवार को तहसील पहुंचे और उप जिला अधिकारी प्रज्ञा पांडेय को शिकायती पत्र देकर क्षेत्रीय लेखपाल पर कार्यवाही की मांग की। पट्टे धारकों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने कानूनगो कमलेश पांडेय के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए है।एसडीएम ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

अध्यक्ष को आशीर्वाद देने पहुंचे प्रेम भूषण महाराज

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। श्रीराम लीला कमेटी के द्वारा आयोजित नवदिवसीय श्रीराम कथा के समापन के अगले दिन यजमान संजय राठी व उनकी धर्मपत्नी ममता राठी की आवाज पर अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रेम मूर्ति प्रेम भूषण महाराज उनके आवास पर पहुंचकर आशीर्वाद प्रदान किया संजय राठी व उनकी पत्नी सहित परिजनों के द्वारा महाराज का माल्यार्पण वा आरती कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया महाराज ने भक्तो से कहा कि धर्म के कार्य करने से वैभव बढ़ता और दान से धन इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला संरक्षक व नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी सपत्नी, हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी द्वारा पूज्य महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया ।यात्रा में चल रही वैन में लगे एलसीडी पर चलचित्र दिखा कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया गया ।विभिन्न विभागों ने अपने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी, वही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया ।विधायक के प्रतिनिधि पुत्र अश्वनी कुमार दिवाकर ने यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास पहुंचने के उद्देश्य से काम कर रही है ।योजनाओं के प्रति जागरूकता व जन भागीदारी के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है ।तीन दिसंबर से 25 दिसंबर तक चलने वाली यात्रा गांवों में भ्रमण पर है ।यात्रा ब्लाक के मुरादपुर सहित कई गांवों पहुंची जहां विधायक के प्रतिनिधि पुत्र अश्वनी दिवाकर का ग्राम प्रधान कंचन, ग्राम विकास अधिकारी सर्वेश दीक्षित एवं प्रधान पति संतोष कुमार सहित ग्रामीणों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया ।यहां कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अनेक विभागों ने अपने स्टाल लगाकर लोगो की समस्याओं का निस्तारण किया ।पात्रों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किये गए ।इस मौके पर राजू चौहान, राम विमल, आशीष कनौजिया आदि सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

18 से 19 वर्ष पूर्ण कर चुके युवक व युवतियों के छूटे हुए नाम जोड़े जाएगे मतदाता सूची में

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। मतदाता सूची में नाम शामिल करने को लेकर 9 दिसंबर को महा अभियान के रूप में बी एल ओ बूथों के अलावा संभावित स्थानों पर जाकर 18 से 19 आयु के युवक/युवतियों के अलावा विशेष कर छूती महिलाओ को जोड़ा जाएगा ।एस डी एम प्रज्ञा पण्डेय ने बताया कि 5 जनवरी को अंतिम सूची के प्रकाशन से पूर्व अंतिम अवसर के संबंध में सभी बूथों पर बी एल ओ फार्म भरवाएंगे इसके अलावा कालेज, मोहल्ले , राशन वितरण दुकान के अलावा सभासदों, समाजसेवियों के माध्यम से घरों तक ऐसे लोगो को तलाशा जाएगा जिन्हें मतदाता सूची में जोड़ा जा सकता है ।एस डी एम ने बूथों के अलावा तहसील कार्यालय पर पहुच भरे जाने की सुविधा से अवगत कराया ।

दुर्घटना में मिली बीमा की धन राशि एक लाख 30 हजार जालसाज ने ठगे

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र में सडक हादसे में पति की मौत के बाद आई बीमा की रकम सरकार के खाते में वापस भेजने की धमकी देकर एक युवक ने महिला व उसके बेटे से 1,30 लाख रुपये ठग लिए। पीडिता ने एसपी को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।असोहा थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी गुड्डी देवी ने एसपी को तहरीर दी है कि पति अशोक रावत की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। सडक दुर्घटना बीमा के रूप में दो लाख रुपये असोहा स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में आया था। लगभग चार माह पहले बैंक से रुपये निकालने गई तो वहीं बैंक में पहले से मौजूद पडोसी गांव इस्लामनगर निवासी पंकज रावत मिला और खाते से निकाली गई बीमा की रकम के 70 हजार रुपये, बैंक में ही ले लिए। मांगने पर धमकी दी कि अगर किसी से शिकायत की तो बीमा की पूरी रकम दो लाख रुपये, लैप्स करा देंगे ।आरोप है कि इसके बाद बेटे से तीन किस्तों में 60 हजार रुपये और ले लिए। पीडिता के अनुसार, आरोपी ने मांगी गई रकम न देने पर वह बीमा की रकम वापस सरकार के खाते में भिजवा देने की धमकी दी एसपी के आदेश पर पंकज के खिलाफ धोखाधडी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जीवन बहुमूल्य है इसे मुकदमा लड़ने में व्यर्थ न गवायें विवाद नहीं मध्यस्था अपनाएं शांति और संतोष पायें।

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दिनाँक 09.12.2023 को प्रातः 10.00 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर तथा न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरवा, न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट सफीपुर, न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट हसनगंज, कलेक्ट्रेट भवन, न्यायालय सहायक श्रमायुक्त तथा जनपद की समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित है जिसमें दीवानी, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक /पारिवारिक, समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, राजस्व वाद व चकबन्दी वाद, श्रम, चेक बाउंस से सम्बन्धित धारा-138 एन.आई.एक्ट. एवं बैंक रिकवरी, बी0एस0एन0एल0, भू राजस्व अधिनियम, विद्युत एवं जल बिलों से सम्बन्धित वाद एवं ऐसे अन्य समस्त वाद जिनका निस्तारण किया जाना संभव हो निस्तारण किया जायेगा मनीष निगम, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा यह जानकारी दी गयी कि दीवानी न्यायालय परिसर उन्नाव में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्य प्रकृति के वादों का निस्तारण करने के साथ बैंक अधिकारियों के सहयोग से बैंक ऋण वसूली के प्रिलिटीगेशन मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। राजस्व एवं चकबन्दी वादों का निस्तारण सम्बन्धित न्यायालयों में राजस्व अधिकारियों के द्वारा किया जायेगा। पुरवा, हसनगंज, सफीपुर न्यायालय में लम्बित व नियत वादों का निस्तारण न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरवा, हसनगंज, सफीपुर के द्वारा पुरवा, हसनगंज, सफीपुर की अदालत में ही किया जायेगा।

सड़क क्रास कर रहे युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल रोड क्रॉस कर रहे युवक को कुचल दिया युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई ट्रक ड्राइवर ट्रक को मौके पर छोड़ भाग निकला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के बेहटा निवासी महेश कुमार 22 वर्ष पुत्र परशुराम देर रात रोड क्रास कर घर लौट रहा था इसी दौरान बांगरमऊ की तरफ से संडीला जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज।

मार्ग पर पड़े बोल्डर पत्थर से राहगीर हो रहे चोटिल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतर्गत धानीखेड़ा से पाटन संपर्क मार्ग का कार्य पूरा हो जाने के बाद भी बड़े बड़े बोल्डर,पत्थर रोड के किनारे पड़े होंने से राहगीर आये दिन चोटिल हो रहे है। जिससे कस्बा व ग्रामवासियों में रोष ब्यापत है।

तहसील मुख्यालय से मात्र कुछ कदमो की दूरी पर पाटन-धानीखेड़ा संपर्क मार्ग है। मार्ग की मरम्मतीकरण के दौरान पुरानी रोड के बड़े बड़े बोल्डर व मलबा रोड के किनारे ही लगा दिए गए। पाटन में गायत्री मंदिर के पास बोल्डरों से टकराने के कारण कई राहगीर चुटहिल हो गए व उनकी गाड़िया क्षतिग्रस्त हो गयी। रोड का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था ने बड़ी लापरवाही से मलबा रोड के किनारे ही लगा दिया जिससे राहगीरों को सुविधा कम असुविधा का सामना ज्यादा करना पड़ रहा है। पाटन कस्बा तहसील,रेलवेस्टेशन, मेला आदि के कारण काफी ब्यस्त रहता है। पाटन निवासियों में रमेशचंद्र तिवारी,महेश तिवारी, आशु सोनी,विमल,दिनेश ,बीरेंद्र क्लॉथ स्टोर,प्रभात सिंह ,सहित अनेक दुकानदारों में कार्यदायी संस्था द्वारा मलबा व बोल्डर न उठाएं जाने से भारी रोष ब्यापत है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण में पंचायत सदस्यों को दिए गए किट व प्रमाण पत्र

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। पंचायतीराज संस्थान ग्रामीण स्थानीय स्वशासन एवं जेपीएस फाउंडेशन लखनऊ द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ब्लाक सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण में 102 गांव पंचायत सदस्यों को किट एवं प्रमाण पत्र बाटे गये। विकास खंड के सभागार में आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत सदस्यों को दो दिवसीय प्रशिक्षण में बीडीओ डां संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जल का दुरुपयोग न करें जिससे जल की बचत हो सके और मोदी सरकार की इस योजना को हर घर तक पहुंचाया जा सके ।वहीं टीम लीडर इंतजार अहमद, प्रशिक्षक दीपांशु सिंह, प्रशिक्षक हरीओम, कोआडीनेटर मनीष गुप्ता द्वारा 102 लोगों को किट व प्रमाण पत्र बाटे गये। वहीं टीम लीडर इंतजार अहमद ने बताया कि सरकार की इस योजना को हर घर नल हर घर जल को लेकर दो दिवसीय गांव पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लाक स्तरीय आयोजित किया गया है जिसमें लोगों को जल के बचाव हेतु जागरुक किया गया।

जहरीली शराब से हुई दो मौत, एक गंभीर के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। थाना सोहरामऊ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हिम्मतगढ़ मजरा बिचपरी निवासी हुलासी पुत्र छोटा पृथ्वीपाल पुत्र पतीलाल जयकरन पुत्र पतिलाल ने साथ में शराब पी थी जिसके बाद तीनो की अचानक तबीयत खराब हो गयी दिनांक 07 दिसंबर को तीनों को इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में हुलासी व पृथ्वीपाल की मौत हो गयी थी जबकि जयकरन का इलाज अस्पताल में चल रहा है जांच में

पुलिस ने राजकुमार तेजबहादुर सिंह निवासी तुलापुर थाना पीपरपुर जिला अमेठी 2 टिंकल पुत्र उमाशंकर यादव निवासी तेरवा थाना बेहटामुजावर जिला उन्नाव .रवि पुत्र वीरभद्र सिंह निवासी एरायां थाना सुल्तानघोष जिला फतेहपुर .कृष्णा जायसवाल पुत्र रामसजीवन निवासी माड़ापुर बांगरमऊ थाना एफ-84 जिला उन्नाव को गिरफ्तार कर लिया है जिनके कब्जे से 15 अदद क्वाटर देशी शराब दीवाना ब्राण्ड एंव 96 अदद बौटल के ढक्कन 01 अदद पेचकस व 01 अदद अनुजा ब्रान्ड रंग की डब्बी बरामद हुई पुलिस ने चारो आरोपियों पर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गुरधरी स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी चांदनी सोनी के द्वारा किया गया। जिसमें कबड्डी के सब जूनियर महिला वर्ग में जीजीआईसी की टीम प्रथम सब जूनियर बालक वर्ग में सुमित की टीम प्रथम कबड्डी जूनियर में मऊ मंसूर की टीम प्रथम वॉलीबॉल के जूनियर वर्ग में मंसूर की टीम प्रथम व एथलेटिक्स के 100 मी सब जूनियर बालिका खुशी ने प्रथम 100 मी सब जूनियर बालक में आकाश 100 मिटर जूनियर में साहिल 400 मीटर में साहिल 800 मीटर में पवन गोला फेक बालिका आकांक्षा लंबी कूद बालक वर्ग आकाश लंबी कूद बालिका सिमरन वी जैवलिन थ्रो जूनियर वर्ग में शिवम तथा सीनियर वर्ग में शिव ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में विधायक बंबालाल दिवाकर के पुत्र अश्विनी के द्वारा बच्चों को मेडल ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

सात दिवसीय राम लीला व श्री कृष्ण लीला का किया जा रहा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। नगर में मोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में सप्त दिवसीय रामलीला व रासलीला का हुआ आयोजन किया जा रहा है ज्ञात हो कि सफीपुर कस्बे के प्रतिष्ठित व्यवसाई घनश्याम गुप्ता एवं उनके पुत्र रिंकू गुप्ता तथा समस्त नगर वासियों के सहयोग से गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रासाचार्य एवं श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता डॉ0 स्वामी देवकीनंदन शर्मा द्वारा संचालित सप्त दिवसीय रामलीला एवं रासलीला महोत्सव नगर के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में 6 दिसंबर से 12 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया गया है। प्रथम दिवस भगवान की विभिन्न झांकियों की शोभायात्रा निकालकर राम और कृष्ण की लीलाओं का शुभारंभ किया गया जिसमे सफीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष गरिमा वाजपेई के पति सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने राधा कृष्ण की आरती उतारी कथा का समय प्रातः काल 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा सायं 8 से 11 बजे तक की जाती है लीला में डॉक्टर देवकीनंदन शर्मा रासलीला मंडल के पात्रों द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव और पूतना वध, नाथ संप्रदाय की कथा तथा तुलसी चरित्र का बड़े ही मनमोहक ढंग से मंचन किया गया। सैकड़ो दर्शकों से भरे लीला पंडाल में उपस्थित लोगों ने नए चरित्रों का मंचन देख सराहना की। इस अवसर पर- रमेश चंद्र गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, प्रकाश चंद्र गुप्ता, सकट गुप्ता, विनय गुप्ता, श्यामू कोटेदार, एवं घनश्याम गुप्ता, नन्हा गुप्ता, पूनम गुप्ता, रजत गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

जन जन तक पहुंच रही सरकार की योजनाएं -करन सिंह पटेल

जागरूकता कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आम जनमानस को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपु। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकंदरपुर एवं गौरी औंरा में जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम के आयोजक पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह द्वारा खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह के निर्देशन में किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिंदकी विधानसभा के पूर्व विधायक करन सिंह पटेल का ग्राम प्रधान समेत आम जनमानस में भव्य स्वागत किया विकसित भारत यात्रा के तहत जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत प्रदान करते हुए पूर्व विधायक ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारियां देते हुए जागरूक किया भव्य कार्यक्रम अंतर्गत विद्युत विभाग स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग पशुधन विभाग इंडेन गैस एजेंसी बाल विकास पुष्टाहार विकास विभाग समेत दर्जनों विभागों के स्टाल लगाकर प्रदर्शनी को वृहद रूप दिया गया प्रदर्शनी अंतर्गत आम जनमानस को लाभान्वित होने के लिए स्टालों में मौजूद अधिकारियों ने प्रेरित किया वही अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के निर्देशन में कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि पूर्व विधायक द्वारा नौनिहाल बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार कराया गया वहीं भारतवर्ष को एक समृद्ध साली देश बनाने के लिए पूर्व विधायक के साथ समूचे जनमानस ने संकल्प लिया इस मौके पर मुख्य अतिथि के साथ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री रामभक्त वर्मा मंडल अध्यक्ष अमौली संतोष गुप्ता समाज सेवी अजय राज सिंह (सिकंदरपुर) एडियो पंचायत विनोद कुमार मुख्य सेविका नम्रता गुप्ता सुमित सिंह समेत आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा समूह की महिलाओं का भारी जन सैलाब मौजूद रहा कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि समेत संपूर्ण नागरिकों का पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह ने आभार व्यक्त कियो

चिंतन

हार के लिए ईवीएम पर ठीकरा फोड़ना सही नहीं

अरविंद जयतिलक

विपक्ष की राजनीति एकबार फिर दिग्भ्रमित दिखाई पड़ रही है। संसद सत्र शुरू हुआ, तो विपक्षी दलों ने पहले दिन से ही हंगामा कर बाधा उत्पन्न करना शुरू कर दिया, जबकि सरकार शांतिपूर्ण सत्र की अपील करती रही है। अब विपक्ष ने विधानसभा चुनावों में मिली हार के लिए ईवीएम को दोष देना शुरू कर दिया है। पहले भी ऐसा हुआ है। इस बार पांच राज्यों में हुए विस चुनावों में तेलंगाना व मिजोरम में विपक्षी दलों की ही जीत हुई है, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ही सत्ता में थी, जहां उसे हार का सामना करना पड़ा, केवल मध्य प्रदेश में भाजपा ने एंटी इन्कम्बेन्सी से पार पाते हुए विजय पाई है। एमपी को छोड़कर बाकी चार राज्यों में मतदाताओं ने सत्ताधारी दलों के खिलाफ वोटिंग की और नए को मौका दिया। इसी क्रम में भाजपा को छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत मिली। विपक्षी दलों को वोटिंग पैटर्न का सही से विश्लेषण करना चाहिए। ईवीएम को विलेन बनाना छोड़ देना चाहिए। इससे पहले इसी ईवीएम के बल पर कांग्रेस को छत्तीसगढ़, राजस्थान में सत्ता मिली थी। चूंकि हार को विपक्ष नहीं पचा पा रहा है, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बिखरने का खतरा मंडरा रहा है, तो वह ईवीएम पर ठीकरा फोड़ रहा है। विपक्षी दलों को जनमत का सम्मान करना सीखना चाहिए। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेशक निशाने के बहाने, पर विपक्ष को सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी है, यह विपक्षियों के काम की है। भारतीय ईवीएम की दुनिया भर में साख है। जब से ईवीएम से चुनाव हो रहे हैं, तब से सभी दलों ने जीत व हार देखी है, इसलिए मशीन पर दोषारोपण के बजाय विपक्षी दलों को अपनी राजनीति पर ध्यान केंद्रित करनी चाहिए। कांग्रेस को देखना चाहिए कि क्या वह सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने की स्थिति में है? क्या कांग्रेस चुनाव प्रबंधन सही तरीके से कर पा रही है? क्या कांग्रेस चुनावों के दौरान सही मुद्दों को जनता के सामने सही रूप में रख पा रही है? क्या कांग्रेस 21वीं सदी में भी केवल जाति जनगधना जैसे आउटडेटेड मुद्दे पर अटकी हुई है? क्या कांग्रेस भविष्य के भारत के लिए कोई परिवर्तनकारी एजेंडा पेश कर पा रही है? कांग्रेस को पहले अपनी पार्टी की एकता व एकजुटता की समीक्षा करनी चाहिए, फिर नीति और मुद्दों की। वह चुनावों के दौरान कर क्या रही होती है, यह देखे। ईवीएम पर दोषारोपण करना जमीनी हकीकत से दूर भागने जैसा है। चुनावों में जनता ने कांग्रेस के सभी मुद्दों की हवा निकाल दी है, कांग्रेस को अपनी भारत जोड़ो यात्रा से भी लाभ नहीं हुआ, इसलिए इसका अब अगले लोकसभा चुनावों में भी असर दिखेगा, इसमें संदेह है। मल्लिकार्जुन खरगे को अध्यक्ष बनाने के बाद भी कांग्रेस का हर फैसले व रणनीति के लिए राहुल गांधी व गांधी परिवार पर निर्भर रहना बड़ी कमजोरी है। अब देश परिवारवाद की राजनीति से बाहर आ रहा है, आवाम में परिवारवाद व वंशवाद की राजनीति के प्रति चेतना जाग रही है और लोग इनके वैचारिक खोखलेपन से उब गए हैं, इस लिए परिवारवादी, वंशवादी दलों का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में पड़ते जा रहे हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की प्रस्तावित बैठक का टलना कांग्रेस के लिए शुभ संकेत नहीं है। ईवीएम के बहाने विपक्षी दल अपनी कमियों को छिपाने का प्रयास नहीं करें, बल्कि हार की समीक्षा करें और अपनी कमियों को पहचानें व उन्हें दूर करें।

आंबेडकर के जातिमुक्त राष्ट्र के सपने

डा. आंबेडकर ने एनिहिलिशन ऑफ कास्ट (जाति का विनाश) पुस्तक लिख कर जातिवाद मुक्त राष्ट्र के अपने सपने के विचार को सबके सामने रखा। आज जब राष्ट्र डा. आंबेडकर की पुण्यतिथि मना रहा है, तो उनके सामाजिक व राजनीतिक विचारों के वारिसों व अनुयायियों को अपने गिरेबां में झांक कर खुद से पूछना चाहिए कि उन्होंने बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में क्या किया है? क्या देश आजादी के 76 साल में जातिवाद से मुक्त हो सका, क्या समाज में समता, समानता व भाईचारे की स्थापना हो सकी? अगर नहीं, तो डा. आंबेडकर के नाम पर न किसी को राजनीति करने का हक है और न ही किसी को उनके नाम पर वैचारिक क्रांति का ढोंग करने का हक है।

अभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, इसमें कांग्रेस लगातार जाति जनगणना का मुद्दा उठाती रही। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जाति जनगणना कराई व उसके आंकड़े जारी किए। उसके बाद से जाति गणना राजनीतिक मुद्दा बनी हुई है। विपक्ष से बड़ा राजनीतिक हथियार मान रहा है। आजादी के बाद से ही चुनावों में जाति समीकरण के आधार पर टिकट दिए जाते हैं। देश में जातिगत आरक्षण लागू है। आज किसी भी दल में यह राजनीतिक साहस नहीं है कि वे जातिवाद मुक्त राजनीति व समाज की स्थापना के बारे में सोच सके, जबकि संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर खुद जातिवाद मुक्त राष्ट्र की स्थापना चाहते थे। उन्होंने संविधान में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 22.5 फीसदी आरक्षण का प्रावधान जरूर किया था, लेकिन केवल दस वर्ष के लिए। डा. आंबेडकर ने एनिहिलिशन ऑफ कास्ट (जाति का विनाश) पुस्तक लिख कर जातिवाद मुक्त राष्ट्र के अपने सपने के विचार को सबके सामने रखा। 'शूद्र कौन है' पुस्तक लिखकर शूद्र के जाति होने, इसके निचले पायदान पर होने व आर्य अनार्य की अवधारणा और मूलनिवासी जैसी पश्चिमी अवधारणा को अपने शोधपरक दृष्टिकोण से खारिज किया। आज जब राष्ट्र डा. आंबेडकर की पुण्यतिथि मना रहा है, तो उनके सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक विचारों के वारिसों व अनुयायियों को अपने गिरेबां में झांक कर खुद से पूछना चाहिए कि उन्होंने बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में क्या किया है? क्या देश आजादी के 76 साल में जातिवाद से मुक्त हो सका, क्या समाज में समता, समानता व भाईचारे की स्थापना हो सकी और क्या राजनीति दस वर्ष में आरक्षण का लक्ष्य हासिल कर उससे मुक्त हो सकी? अगर नहीं, तो डा. आंबेडकर के नाम पर न किसी को राजनीति करने का हक है और न ही किसी को उनके नाम पर वैचारिक क्रांति का ढोंग करने का हक है। बाबा साहेब के संविधान के मूल्यों को सही परिप्रेक्ष्य में लागू करना, उनके सपनों के जातिमुक्त समाज की स्थापना, सामाजिक व आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना व जातिविहीन राजनीति उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कहने के लिए हम विकसित भारत का लक्ष्य तय कर रहे हैं, आजादी का अमृत महोत्सव साल भर मनाया, देश अगले 25 वर्ष तक आजादी के अमृतकाल में रहेगा, लेकिन डा. आंबेडकर के सपनों के राष्ट्र निर्माण की दिशा में बहुत कुछ करना शेष है, सामाजिक विभाजन से मुक्त शेष है। इंग्लैंड से लौटने के बाद जब डा. भीमराव आंबेडकर ने भारत की धरती पर कदम रखा तो समाज में छुआछूत और जातिवाद चरम पर था। उन्हें लगा कि यह सामाजिक कुप्रवृत्ति और खंडित समाज देश को कई हिस्सों में तोड़ देगा। सो उन्होंने हाशिए पर खड़े अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका की मांग कर परोक्ष रुप से समाज को जोड़ने की दिशा में पहल तेज कर दी। अपनी आवाज को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने 1920 में, बंबई में साप्ताहिक मूकनायक के प्रकाशन की शुरुआत की जो



शीघ्र ही पाठकों में लोकप्रिय हो गया। वंचित वर्ग के एक सम्मेलन के दौरान उनके दिए गए भाषण से कोल्हापुर राज्य का स्थानीय शासक शाहु चतुर्थ बेहद प्रभावित हुआ और आंबेडकर के साथ उसका भोजन करना रुढ़िवाद से ग्रस्त भारतीय समाज को झकझोर दिया। बाबा साहेब मुख्यधारा के राजनीतिक दलों को जाति व्यवस्था के उन्मूलन के प्रति नरमी पर वार करते हुए उन नेताओं की भी कटु आलोचना की जो अस्पृश्य समुदाय को एक मानव के बजाए करुणा की वस्तु के रूप में देखते थे। ब्रिटिश हुकूमत की विफलताओं से नाराज आंबेडकर ने अस्पृश्य समुदाय को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए एक ऐसी अलग राजनैतिक पहचान की वकालत की जिसमें कांग्रेस और ब्रिटिश दोनों का कोई दखल न हो। 8 अगस्त 1930 को उन्होंने एक शोषित वर्ग के सम्मेलन के दौरान अपनी राजनीतिक दृष्टि को दुनिया के सामने रखा और कहा कि 'हमें अपना रास्ता स्वयं बनाना होगा। आंबेडकर सिर्फ हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों और सामाजिक भेदभाव के ही विरोधी नहीं थे बल्कि वे इस्लाम धर्म में व्याप्त बाल विवाह की प्रथा और महिलाओं के साथ होने वाले दुव्यवहार के भी कटु आलोचक थे। उन्होंने लिखा है कि 'मुस्लिम समाज में तो हिंदू समाज से भी कहीं अधिक बुराइयां हैं और मुसलमान उन्हें भाईचारे जैसे नरम शब्दों के प्रयोग से छिपाते हैं।' आंबेडकर स्त्री-पुरुष समानता के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने इस्लाम धर्म में स्त्री-पुरुष असमानता का जिक्र करते हुए बहुविवाह को मुस्लिम महिला के दुख के स्रोत के रूप में व्यक्त किया। मुस्लिमों के अंदर भी जाति सिस्टम पर भी उन्होंने प्रहार किया। उन्होंने इस्लाम में उस कट्टरता की भी आलोचना की जिसके कारण इस्लाम की नीतियों का अक्षरशः अनुपालन की बद्धता के कारण समाज बहुत कट्टर हो गया है। उन्होंने लिखा है कि 'भारतीय मुसलमान अपने समाज का सुधार करने में विफल रहे हैं जबकि इसके विपरित तुर्की जैसे इस्लामी देशों ने अपने आपको बहुत बदल लिया।' राष्ट्रवाद के मोर्चे पर आंबेडकर बेहद मुखर थे। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति के लिए मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग दोनों की कटु आलोचना की।

डा. आंबेडकर ही एकमात्र राजनेता थे जो छुआछूत की निंदा करते थे। जब 1932 में ब्रिटिश हुकूमत ने उनके साथ सहमति व्यक्त करते हुए अछूतों को पृथक निर्वाचिका देने की घोषणा की तब महात्मा गांधी ने इसके विरोध में पुणे की यरवदा सेंट्रल जेल में आमरण अनशन शुरू कर दिया। यह आंबेडकर का प्रभाव ही था कि गांधी ने अनशन के जरिए हिंदू समाज से सामाजिक भेदभाव और अस्पृश्यता को खत्म करने की अपील की। अस्पृश्यता के खिलाफ आंबेडकर की लड़ाई को भारत भर से समर्थन मिलने लगा और उन्होंने अपने रवैया और विचारों को रुढ़िवादी हिंदुओं के प्रति अत्यधिक कठोर कर लिया। भारतीय समाज की रुढ़िवादिता से नाराज होकर उन्होंने नासिक के निकट येओला में एक सम्मेलन में बोलते हुए धर्म परिवर्तन करने की अपनी इच्छा प्रकट कर दी। उन्होंने अपने अनुयायिओं से भी हिंदू धर्म छोड़ कोई और धर्म अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने अपनी इस बात को भारत भर में दोहराया भी। 14 अक्टूबर 1956 को उन्होंने एक आमसभा का आयोजन किया, जहां उन्होंने अपने पांच लाख अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया। तब उन्होंने कहा था कि मैं उस धर्म को पसंद करता हूं जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का भाव सिखाता है। आंबेडकर की सामाजिक व राजनीतिक सुधारक की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा प्रभाव तो पड़ा है, बहुत अल्प। डा. भीमराव रामजी आंबेडकर सामाजिक एकता के प्रबल सूत्रधार थे,पर आज भी उनका जातिमुक्त समाज का सपना अधूरा है।

विवेक शुक्ला

अंतिम समय में कैसे थे बापू और बाबा साहेब के संबंध

महात्मा गांधी और बाबा साहेब आंबेडकर में जीवन के अंतिम समय में किसी तरह के मतभेद नहीं रहे थे। दोनों में 1932 के 'कम्यूनल अवार्ड' में दलितों को पृथक निर्वाचन का स्वतन्त्र राजनीतिक अधिकार मिलने के कारण मतभेद उभरे थे। वक्त के गुजरने के साथ ही दोनों में एक-दूसरे को लेकर परस्पर आदर का भाव पैदा हो गया था। उपर्युक्त अवार्ड अनुसूचितों को पृथक निर्वाचन के रूप में प्रांतीय विधानसभाओं और केन्द्रीय एसेम्बली के लिए अपने नुमाइंदे चुनने का अधिकार देता था। बापू इस अवार्ड का विरोध कर रहे थे। उन्होंने इसके विरोध में 20 सितम्बर, 1932 से आमरण अनशन चालू कर दिया। वे मानते थे कि इससे अनुसूचित हिन्दू समाज से अलग हो जायेंगे जिससे हिन्दू समाज दोफाड़ हो जाएगा। बाबा साहेब अवार्ड के पक्ष में थे, पर अंत में बापू के अनशन के आगे झुकना पड़ा।

बहरहाल, ये दोनों 1940 के दशक से राजधानी दिल्ली में रहने लगे। ये दिल्ली में पड़ोसी नहीं थे, पर ये एक-दूसरे से बहुत दूर भी नहीं रहते थे। गांधी जी 9 सितंबर, 1946 के बाद अलबुर्कर रोड (अब तीस जनवरी मार्ग) पर स्थित बिड़ला हाउस (अब गांधी स्मृति) में रहने लगे। इस दौरान बाबा साहेब पहले रहते थे 1, हार्डिंग लेन (अब तिलक लेन) और फिर 22, पृथ्वीराज रोड पर। गांधी जी का बिड़ला हाउस से पहले आशियाना मंदिर मार्ग पर स्थित वाल्मिकी मंदिर में रहा। यानी ये सब जगहें एक-दूसरे से करीब ही थीं। पर इन दोनों महान विभूतियों के बीच यहां पर कोई मुलाकात का कोई उदाहरण नहीं मिलता। गांधी जी 9 सितंबर को दिल्ली आने के बाद यहां पर भड़के सांप्रदायिकदंगों को शांत कराने में लगे हुए थे। वे दिन-रात दंगाग्रस्त इलाकों में आ-जा रहे थे। इसी तरह डॉ. आंबेडकर भी राष्ट्र निर्माण में जुट हुए थे। वे नेहरू जी की सदारत में 1946 में बनी अंतरिम सरकार के सदस्य थे। इस बीच, 15 अगस्त,1947 को देश स्वतंत्र होता है। फिर 29 अगस्त,1947 को डॉ. आंबेडकर के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत का नया संविधान बनाने के लिए एक सात सदस्यीय कमेटी बना दी जाती है। बाबा साहेब देश के नए संविधान को तैयार करने के अहम कार्य में जुट जाते हैं।

पर ये भी सत्य है कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु और सरदार पटेल तो संवैधानिक मामलों के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान सर गऊर जैनिंग्स को भी देश के संविधान को अंतिम रूप देने के लिए आमंत्रित करने पर विचार कर रहे थे। इसी सिलसिले में ये दोनों एक बार बापू से मिले। तब बापू ने उन्हें सलाह दी थी कि डॉ. आंबेडकर सरीखे विधि और संवैधानिक मामलों के उद्भट विद्वान की मौजूदगी में किसी विदेशी को देश के संविधान को तैयार करने की जिम्मेदारी देना उचित नहीं होगा। बापू की सलाह पर अमल करते हुए डॉ. आंबेडकर को संविधान सभा से जुड़ने का प्रस्ताव दिया गया, जिसे वे तुरंत स्वीकार कर लेते हैं। इससे स्पष्ट है कि गांधी जी सम्मान करते थे डॉ. आंबेडकर की विद्वता का। वहीं अंबेडकर को भी पता चल गया होगा कि उन्हें इतनी अहम जिम्मेदारी गांधी जी की सलाह और सिफारिश पर ही मिली है।

इस बीच, समय बीतता है और देश देखता है 30 जनवरी,1948 का काला स्याह दिन। उस दिन एक विक्षिप्त शख्स बापू की हत्या कर देता है। बापू की हत्या से देश बिलखने लगता है। बापू की हत्या का समाचार सुनकर बाबा साहेब भी स्तब्ध हो जाते हैं। वे पांचेक मिनट तक सामान्य नहीं हो पाते। फिर कुछ संभलते हुए बाबा साहब कहते कि बापू का इतना हिंसक अंत नहीं होना चाहिए था, ये जानकारी दलित चिंतक एस.आर.दारापुरी 'डा. आंबेडकर की दिनचर्या' किताब के हवाले से देते हैं। हालांकि वे इस बात की पुष्टि नहीं करते कि बाबा साहेब ने बापू की अंत्येष्टि में शिरकत की थी या नहीं।

खैर,22 पृथ्वीराज रोड के सरकारी आवास में ही डॉ.भीमराव आंबेडकर गांधी की मौत के दो महीने के बाद सविता आंबेडकर जी से विवाह कर लेते हैं। उसी घर में उनके जीवनपर्यंत सहयोगी रहे नानक चंद रत्तू और सेवक सुदामा भी रहते हैं।

हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित

दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा।

जीवन का, जीवन बीमा

संकलित

प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले।

अंतर्मन

आज की पाती

जी-20 अब बन गया जी-21

हमारे देश में इस बार जो जी-20 हुआ, उसकी अध्यक्षता हमारे देश द्वारा स्वीकारने के 365 दिन होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लेख विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ। प्रधानमंत्री ने इस बार के जी-20 में भारतीय संस्कृति को पेश किया और सबसे बड़ी बात कि उन्होंने हमारे देश की आन, बान और शान हिंदी भाषा को बढ़ावा देकर भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की एक अलग पहचान बनाई। इस बार का यह सम्मेलन इसलिए भी खास रहा क्योंकि अब यह जी-20 नहीं, बल्कि जी-21 हो गया, क्योंकि जी-20 के देशों ने अफ्रीकन यूनियन को स्थायी सदस्यता दे दी है। अफ्रीकन यूनियन में लगभग 55 सदस्य देश हैं।

- नरेंद्र तोमर, धमतरी

ट्रेंड

ऐसा पहली बार हुआ

भारत देश में यह पहला मौका है जब उड़ान योजना के अंतर्गत पहली बार देश में 76 नए हवाईअड्डे शुरू हुए। इनका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। भारत के 1.30 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की और इन यात्रियों को 2.75 लाख पलाइट्स ने हवाई सफर करवाया है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

गले उतर पाना मुश्किल

पोस्टल बेल्ट के ज़रिए कांग्रेस को वोट देने वाले और हम पर भरोसा जताने वाले सभी मतदाताओं का धन्यवाद। आंकड़ों में एक प्रमाण है कि पोस्टल बैलेट के ज़रिए हमें यानी कांग्रेस को 199 सीटों पर बढ़त है।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

बाढ़ को देखकर व्यथित

चेन्नई और आसपास विनाशकारी बाढ़ को देखकर व्यथित हूं। लोगों की सुरक्षा और भलाई सर्वोपरि है, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की। आइए हम सरकार का समर्थन करने के लिए एक साथ आएं। और लोगों के शीघ्र स्वस्थ की कामना करें।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

रामायण काल की मूर्ति

मध्य प्रदेश में स्थित चित्रकूट का हनुमान धारा मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति रामायण काल से है और स्वयंभू है। इस मूर्ति का इतिहास आपको अचम्भित भी करेगा और आप इस मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति देखने के लिए श्रद्धा भाव में भी जाएंगे।

-अनुपम खेर, अभिनेता

करंट अफेयर

भारत ने शांति स्थापना में सुधार का किया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि सेना और पुलिस योगदान देने वाले अग्रणी देशों में से एक, भारत ने शांति स्थापना अभियानों में सुधार के लिए संयुक्त राष्ट्र की पहल का लगातार समर्थन किया है और विश्व निकाय नयी दिल्ली को शांति स्थापना में एक प्रमुख भागीदार मानता है। शांति अभियानों के अवर महासचिव ज्यां-पियरे लैक्रोइक्स ने यहां 2023 संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले एक विशेष साक्षात्कार में भारत के साथ सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के रूप में प्रौद्योगिकी, शांति मिशन में महिलाओं की संख्या और भूमिका में वृद्धि और 'ब्लू हेलमेट' के खिलाफ अपराध के लिए जवाबदेही पर प्रकाश डाला।

ऑफ बीट

सर्वाधिक गर्भाशय से जुड़ी बीमारी से पीड़ित है महिलाएं

एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिससे लगभग 10 लाख कनाडाई प्रभावित होते हैं। इसमें एंडोमेट्रियल ऊतक असामान्य रूप से बढ़कर गर्भाशय से बाहर फैलने लगते हैं। एंडोमेट्रियल ऊतक आम तौर पर मासिक धर्म के दौरान खत्म हो जाता है और प्रजनन में सहायता के लिए दोबारा उत्पन्न हो जाता है। एंडोमेट्रियोसिस के दौरान एंडोमेट्रियल ऊतक गर्भाशय के अंदर और बाहर दोनों जगह अत्यधिक बढ़ता है, जिससे गर्भाशय के 'पैल्विक' नामक हिस्से में दर्द होता है और मासिक धर्म व गैर-मासिक धर्म के दौरान अत्यधिक ऐंठन, थकान होने के साथ-साथ प्रजनन क्षमता कम हो सकती है।

संक्षेप

हमीरपुर में दो बाइकों में हुई भिड़त

7 लोग हुए घायल, मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

राठ, हमीरपुर के राठ कोतवाली क्षेत्र में सैना गांव के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की भिड़ंत में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के द्वारा आनन-फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर हालत को देखते हुए उन्हें नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार राठ कस्बे के खुशीपुरा इलाके का निवासी आसिफ पुत्र नासिर अपनी बहन रुक्सार पुत्री नासिर व रेहाना पत्नी अकरम व 4 वर्षीय अहमद पुत्र अकरम के साथ मोटरसाइकिल से राठ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करगवां में स्थित पठान बाबा की मजार के उर्स में शामिल होने के लिए गया हुआ था। रात्रि के समय वह करगवां गांव में पठान बाबा की मजार के उर्स से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में राठ कोतवाली क्षेत्र के सैना गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल पर उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे दूसरी बाइक पर सवार पंकज पुत्र अरविंद निवासी ग्राम बीरा , विपिन पुत्र जयनारायण निवासी ग्राम करगवां व विनेश पुत्र अरविंद निवासी ग्राम करगवां के अलावा रुक्सार, अहमद, रेहाना व आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के द्वारा हादसे में घायल हुए सभी सातों घायलों को इलाज हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर उनकी अत्यधिक नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें नजदीकी मेडिकल कॉलेज के रेफर कर दिया।

राठ में ट्रक ने 12वीं के छात्र को मारी टक्कर

कोचिंग पढ़कर लौट रहा था छात्र, मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम

राठ, राठ के चिकासी में स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रक की टक्कर से कोचिंग पढ़ने के लिए जा रहे इंटरमीडिएट छात्र की मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने चिकासी में ही जाम लगा दिया।मौके पर पहुंची पुलिस के समझाने पर भी ग्रामीणों ने जाम नही खोला। तथा ग्रामीण घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को बरामद करने की मांग पर अड़े हुए थे। जिसके बाद पुलिस के द्वारा ट्रक बरामद करने पर ग्रामीणों ने जाम को खोला। राठ क्षेत्र के चिकासी निवासी सिद्धगोपाल पांचाल ने बताया उसका 22 वर्षीय इकलौता पुत्र भूपेंद्र कुमार इंटरमीडिएट का छात्र था। जो कि बाइक से चुरहा गांव में कोचिंग पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने उसके पुत्र भूपेन्द्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे भूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में छात्र की मौत से आक्रोशित लोगों ने राठ उरई मार्ग पर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोग ट्रक को बरामद कर चालक को हिरासत में लेने की मांग पर अड़ गये।

सड़क निर्माण मे मानकों की अनदेखी, लोगों मे आक्रोश

पीले ईंटों से हो रहा इंटरलॉकिंग एजिंग व नाली निर्माण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बाबागंज से मल्हीपुर सड़क मार्ग के निर्माण कार्य में जमकर मानको की अनदेखी की जा रही है। बाबागंज से मल्हीपुर लगभग 27 किलोमीटर डामर सड़क का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहीं निम्नहारा, बरवलिया, जमोग व बाबागंज मे इंटरलॉकिंग सड़क बनाई जा रही है। लेकिन इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में जमकर मानकों की अनदेखी की जा रही है। कस्बा बाबागंज में लग रही इंटरलॉकिंग के साइड में एजिंग

के निर्माण मे मानक के विपरीत पीले ईंटों का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है, साथ ही घटिया सामग्री प्रयुक्त की जा रही है। वहीं क्षेत्रवासियों की माने तो जहां-जहां इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण किया गया है, सभी स्थानों पर पीले ईंट व घटिया निर्माण सामग्री का ही प्रयोग किया गया है।सड़क निर्माण में घटिया सामग्री व पीले ईंटों के प्रयोग से क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है। पंकज वर्मा, बद्री सिंह,रामसूरत यादव, सरोज कुमार मिश्रा, रामदीन गौतम सहित कई क्षेत्रीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच कराई जाने की मांग की है।

सांसद खेल स्पर्धा का भव्य आयोजन, खिलाड़ियों में उत्साह

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सांसद खेल प्रतियोगिता विकास खंड नवाबगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय चौगोड़वा में आयोजित हुई।स्पर्धा का प्रारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। सांसद खेल स्पर्धा में 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, खो-खो, वालीबाल, कबड्डी, लम्बी- ऊँची कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकास खंड के विद्यालयों के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया।स्पर्धा में पहुंची मुख्य अतिथि मंजू सिंह व विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा सहित बीईओ नवाबगंज राधेश्याम वर्मा,ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह, बीडीओ नवाबगंज, ग्राम प्रधान बेचेलाल जायसवाल ने प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया।प्रतियोगिता में 100 मी0 दौड़ बालिकावर्ग में नगमा प्रथम, शिवानी यादव द्वितीय, क्रांति तृतीय, 200 मी0 दौड़ में साबरा प्रथम, शिवानी द्वितीय, क्रांति तृतीय, 100 मी0 दौड़ बालकवर्ग में ध्रुबचंद्र प्रथम, कमरान द्वितीय, कन्हैया तृतीय, कबड्डी में बेलभरिया, 200मी0 दौड़ बालकवर्ग में श्यामू यादव प्रथम, ध्रुपचंद्र द्वितीय,मोहित सिंह तृतीय आदि विजेता रहे।कार्यक्रम के दौरान मंजू सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से प्रतिभागियों का मानसिक विकास होता है। खिलाड़ियों के अंदर खेल भावना जागृत होती है।इस मौके पर अनीस चौधरी, आदित्य सिंह, सुग्रीव वर्मा, संतोष यादव, सुनील पटेल, सचिन राय, शैलेन्द्र वर्मा, विकास वर्मा, दिलीप कुमार, अवधेश त्रिपाठी, ह्रदेश गंगवार, दिल मोहम्मद, संजय यादव, निगार सुल्ताना, प्रतिभा त्यागी, रीना सिंह, जीतेन्द्र शर्मा, अरविन्द वर्मा, विनोद गिरि आदि उपस्थिति रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। प्रखंड के शिवपुर मोहरनिया एवं रंजीत बोझा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के निमित्त गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साढ़े नौ वर्षों के कार्यों को जनता के बीच दिखाया एवं योजनाओं के बारे में बताया गया। वहीं ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम अन्न योजना, पीएम किसान योजना जैसे कई अन्य जन कल्याणकारी योजना को सराहा और प्रशंसा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिवसागर गौतम जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा, ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह, अजय मिश्रा मंडल अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीमसेन मिश्रा, मंडल महामंत्री विजय त्रिपाठी, मंडल महामंत्री पहलाद वर्मा, ललित त्रिपाठी जिला कार्यकारणी सदस्य, मंडल मंत्री विजय सिंह, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा पंकज कश्यप, अरुण सोनकर मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, संजय वर्मा मंडल मंत्री, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पिंटू गुप्ता, बीडीओ डॉ. राहुल पांडेय, सचिव रोहित कुमार, हरिराम आर्य स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, विधायक रामनिवास वर्मा, एडीओ इंदर कुमार, खाद एवं रसद विभाग सप्लाई इंस्पेक्टर विमल गुप्ता, बिंदेश्वरी उपाध्याय राजस्व निरीक्षक केवलपुर आदि लोग उपस्थित रहे।

निःशुल्क न्यूरो मस्तिष्क व महिला रोग परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। ज़िकरा हॉस्पिटल जरवल कस्बा में निःशुल्क चिकत्सा शिविर का आयोजन डॉक्टर सर्वेश चौधरी व महिला रोग विशेषज्ञ डॉ उजमा रईस और डायरेक्टर डॉ सलामत अली के द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। जिसमें लगभग तीन सौ मरीजों ने निः शुल्क सेवा का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मदनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अरशद रईस ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा की सभी व्यवसायियों को अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा समाज सेवा अर्थात गरीब एवं कमजोरों को सुख सुविधा पहुंचाने एवं उनकी कठिनाइयों को दूर करने में लगाना चाहिए। मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि जिकरा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सलामत अली इस भाव के साथ निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर रहे हैं। हम सभी उनके इस पुनीत कार्य के लिए आभारी है एवं प्रशंसक भी हैं। इस निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से इस क्षेत्र के गरीब एवं कमजोर लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर डॉ. सलामत अली ने कहा कि मनुष्यों की सेवा करना एवं उनको अच्छा उपचार प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। इस कारण इस निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिससे हमारे क्षेत्र के सभी लोग लाभान्वित हो रहे हैं एवं यह कैंप उन सभी लोगों के लिए अति लाभकारी है जो लखनऊ या अन्य बड़े शहरों में जाकर इलाज नहीं करा सकते हैं। इस अवसर समाज सेवी कमाल अहमद, शकील अहमद, तौफीक अहमद अंसारी, राजा बाबू कुरैशी, अब्बास खान प्रधान उपधी, समीर नदवी, मोहम्मद नदीम व अन्य लोग उपस्थित रहे।

आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए हुई शिक्षक संकुल बैठक

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्र की अध्यक्षता में ब्लॉक फखरपुर के शिक्षक संकुलो की बैठक वीआरसी केंद्र गजाधरपुर में संपन्न हुई। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसे शिक्षक संकुलो माध्यम प्रत्येक स्कूल में अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बन सके और सभी परिवारों को इसका लाभ मिल सके। इसकी प्रगति की समीक्षा ऑन लाइन डैश बोर्ड पर करते हुए शिक्षक संकुलो को निर्देशित किया की अधिकतम छात्र उपस्थिति तथा बच्चों को पुस्तक वितरण और ड्रेस वितरण के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। अनुराग मिश्र जी ने शिक्षक संकुल बैठक में आधुनिक स्मार्ट कक्ष में ऑन लाइन माध्यम समस्त संकुलो को इसके बारे में बताया।खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की अब बेसिक शिक्षा के सभी स्कूलों की समीक्षा ऑन लाइन ही की जायेगी जिससे किसी भी कार्य में कोताही ना हो। संकुल बैठक में शिक्षक संकुल अरुण अवस्थी, मिथिलेश मिश्र, विवेक सिंह, साकेत तिवारी, तनवीर आलम, रजत सिंह, अमित आर्या, दीपशिखा, विन य पांडेय, त्रियुगी नारायण आदि शिक्षक संकुल मौजूद रहे।

क्रिकेट स्पर्धा के समापन में पहुंचे जनप्रतिनिधि

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। शिव अजय क्रिकेट एकेडमी व पूर्व प्रधान मो० जुबेर फारुकी द्वारा आयोजित स्वर्गीय जमाल अहमद मेमोरियल लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस मौके पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय जाना एवं अपने संबोधन में खेल के क्षेत्र में पूर्व प्रधान मो० जुबेर फारुकी के योगदान तथा उपलब्धि को बताया। साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।प्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल, प्रधान संघ अध्यक्ष आनंद पाठक, सपा जिला उपाध्यक्ष हरीश वर्मा, संतोष सिंह, श्याम सिंह समेत खिलाड़ीगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

निर्धारित ग्रॉस वजन के हिसाब से ही गन्ना भेजे किसान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। किसानो से विशेष अनुरोध करते हुए पारले कंपनी के एसोसिएट मुख्य गन्ना प्रबंधक संजीव राठी ने कहा कि पेराई सत्र 2023-24 के लिए मिल गेट एवं क्रय केन्द्रो पर हाड़ा वजन (ट्राली - बैलगाड़ी) के लिए निर्धारित है। उसी के अनुसार गन्ना भेजे। ग्रॉस वजन से अधिक जो गन्ना बचता है उसे बाहर ले जाकर ड्राइवर औने -पौने रेट पर बेच देते है। जागरूक बने अपना एवं अपने परिवार का नुकसान बिल्कुल ना करें। अपना गन्ना अपने नाम पर ही बेचे। जिससे हर वर्ष आपके बेसिक कोटे में निरंतर बढ़ोतरी होती रहे। गन्ना आपूर्ति में जल्दबाजी न करे।गन्ना एक नकदी फसल है। उन्होंने यह भी कहा की जमीन की सतह के बराबर से ही गन्ना कटाई करें। पौधे गन्ने की कटाई 15 फरवरी से पहले ना करे। गन्ने की सूखी पत्ती कतई ना जलाएं इनके अंदर भरपूर पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस ,पोटाश एवं अन्य सभी सूक्ष्म पोषक तत्व मौजूद है। सूखी पत्तियों की कम्पोस्ट खाद बनाये।जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति निरंतर बढ़ सके और ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा भी बढ़ सके।गन्ने की फांदी बांधने में हरे जुने का प्रयोग न करें, केवल सूखे जुने का प्रयोग ही करे। साफ एवं ताजा गन्ना ही कंपनी में भेजे जिससे कंपनी अपना पेराई कार्य निरंतर सुचारु रूप से कर सके। भ्रमण क्रय केन्द्रों में छाया कुवा, मरौचा, खैरा बाजार, पदमपिछौरा, करीमुलाहपुर, कंदरा, जगतापुर आदि शामिल है।इस अवसर पर काफी संख्या में किसान एवं कंपनी के अन्य अधिकारी गण सूबेदार, अमरेंद्र, अखंड, रुचिन, प्रवेश, नागेंद्र, अमर, शक्ति, जीतेन्द्र, नीरज, मनोज आदि उपस्थित रहे।

अयोध्या में युवक की गोली मारकर हत्या

नौ माह की गर्भवती पत्नी को डॉक्टर को दिखाने जाने वाला था विवेक, पुराने विवाद में चली गोली

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, अयोध्या के पूराकलंदर थाना क्षेत्र में पुराने विवाद में रिवाल्वर और रिपीटर से गोली मारकर से 30 साल के एक युवक की हत्या कर दी गई। जबकि 18 साल का दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना के पीछे कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर पर हुआ बच्चो में विवाद बताया जा रहा है। इस विवाद के कुछ घंटों बाद ही यह गंभीर वारदात सामने आई है। घायल आयुष सिंह का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की तहरीर मिलने पर उसके आधार पर और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। पूराकलंदर थाना क्षेत्र में अबनपुर सरोहा निवासी आयुष सिंह पुत्र शैलेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ पंकज सिंह करीब 9 बजे इटौरा चौराहा के एक निजी कम्प्यूटर सेंटर में कोचिंग पढ़ने गया था। किसी विवाद को लेकर अभिषेक सिंह के भतीजे शेखर सिंह ने कोचिग सेंटर के बाहर बुलाकर आयुष सिंह की पिटाई कर दी। इस पर आयुष सिंह ने घटना की सूचना अपने परिजन को दी। जिस पर परिजन ने मारपीट के विषय मे शिकायत करने के लिए अभिषेक सिंह के घर गए जहां पर बातचीत में विवाद बहुत बढ़ गया। आवाज सुनकर बीच बचाव में विवेक सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह भी अभिषेक के घर पहुच गए। बात इतनी बढ़ गयी कि अभिषेक सिंह और पंकज सिंह के बीच की कहासुनी होने लगी। भिषेक सिंह एवम उनके सहायक गनर ने गोली चला दी। इसमें विवेक सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष को गोली लग गई। इसमें विवेक सिंह की मौत हो गयी। घटना में आयुष सिंह उर्फ दीपेंद्र विक्रम सिंह पुत्र पंकज सिंह उम्र लगभग 18 वर्ष गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर और पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह घटना स्थल पर पहुंच गए। गोली कांड के बाद दोनों पक्षो में जमकर लाठी डंडे और ईंट चले। इसमें तीन लोग भी घायल हो गए है। उनका भी जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी पूराकलंदर रतन शर्मा अपने दल बल समेत पहुंच गए और घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर ने कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया। गोली कांड में एक अन्य विवाद भी सामने आया। इसमे शैलेन्द्र सिंह उर्फ पंकज सिंह पुत्र सभापति सिंह के यहां एक नौकर राजेश सिंह पुत्र राम शंकर निवासी उज्जैन मध्य प्रदेश रहता था। जो पंकज सिंह के यहां काम छोड़कर बगल में अभिषेक सिंह के यहां काम करने लगा था।

ससुरालीजनों ने नवविवाहिता से की अतिरिक्त दहेज की मांग

- 3 लाख रुपए व मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर बेरहमी से पिटाई कर धक्के मारकर घर निकाला

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर के राठ कोतवाली क्षेत्र में अतिरिक्त दहेज में 3 लाख रुपए एवं मोटरसाइकिल की मांग की। पति सहित अन्य ससुरालीजनों की मांग पूरी न होने पर नवविवाहिता को प्रताड़ित करते हुए बेरहमी से पिटाई कर धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। घटना के बाद पीड़ित महिला ने राठ कोतवाली में आरोपी पति सहित अन्य ससुरालीजनों के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। राठ कोतवाली क्षेत्र के निवासी नव विवाहित ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता अच्छेलाल ने उसका विवाह इकठौर गांव के निवासी विपिन पुत्र रामपाल के साथ नगर के शारदा पैलेस से संपूर्ण रीति रिवाज के साथ किया था। बताया कि उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर उसे विदा किया था। बताया कि विवाह के कुछ समय के बाद से ही उसका पति विपिन राजपूत, ससुर रामपाल, सास रेखा देवी, बुआ सास प्रेमरानी व नन्द रचना विवाह में कम दहेज मिलने का ताना देकर आए दिन उसे प्रताड़ित करते थे। उसके साथ ही आए दिन मारपीट करने लगे। अतिरिक्त दहेज में मायके से 3 लाख रुपए व मोटरसाइकिल लाने का उस पर दबाव बनाने लगे। बताया कि जब उसने अपने पिता की गरीबी का हवाला देकर 3 लाख रुपए एवं मोटरसाइकिल देने में असमर्थता जताई

अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से अधेड़ की मौत

मचा कोहराम, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमन लेखनी समाचार

मेजा, प्रयागराज के कोरांव थाना क्षेत्र के भोगन गांव ने अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इससे इलाके के खलबली मच गई है। घटना को लेकर मृतक अधेड़ के परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है। बपुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मिली जानकारों के अनुसार कोरांव थाना क्षेत्र के बसहा गांव के रहने वाले लालता प्रसाद (52) विश्वम्भर आज रोजाना की तरह साइकिल से बहरैचा गांव स्थित वन रेंज कार्यालय जा रहे थे। वह वन विभाग कार्यालय में चौकीदार थे। इस दौरान भोगन गांव के समीप तेज रफ्तार में जा रहे ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर उन्हें बुरी तरह टक्कर मार दिया। टक्कर इतना भयावह रहा कि चौकीदार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इससे स्थानीय लोगों समेत राहगीरों में खलबली मच गई। राहगीरों की सूचना पर कोरांव पुलिस घटनास्थल पहुंचीं। उधर सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी मौके वारदात पर पहुच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है।

सुलतानपुर में पुलिस से मुठभेड़ में पकड़ा गया लुटेरा

- पैर में गोली लगने से हुआ घायल, दादी-पोते पर फायर झोक किया था लूट का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुलतानपुर में मंगलवार रात करौंदीकला पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सीएचसी कादीपुर में भर्ती कराया गया है।20 दिन पूर्व उसने दो साथियों के साथ मिलकर दादी-पोते पर फायर झोककर लूट का प्रयास किया था। पुलिस मीडिया सेल द्वारा जानकारी दी गई कि मंगलवार रात करौंदीकला क्षेत्र में वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान अपाचे बाइक सवार व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया। जिस पर बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग किया। जवाबी फायरिंग में ग्राम कटघरपुरे चौहान ग्राउंड के पास आरोपी गोली लगने से गिरा तब उसे पकड़ा गया। आरोपी की पहचान गोलू लोना पुत्र लल्ले लोना निवासी ग्राम मेवपुर वरचौली थाना करौंदीकला के रूप में हुई है। उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में उसे सीएचसी कादीपुर भर्ती कराया गया। पूछताछ में पता चला कि बीते 15 नवंबर को जौनपुर के खुटहन थाना अंतर्गत दुर्गावती देवी (58) अपने पोते अतुल पाल के साथ बाइक से दवा के लिए प्रतापगढ़ जा रही थी।

संक्षेप

दहेज में दक लाख रुपया और बुलेट न मिलने पर जेठ ने कर दिया छेड़छाड़

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम मईला निवासी चंद्रशेखर ने अपनी पुत्री रीतिका की शादी 2 दिसंबर 2022 को असौजी थाना सिकरीगंज निवासी धनपत कसौधन के साथ किया था। शादी में उपहार के तौर पर 5 लाख रुपया नकद,गहने,और सामान दिया गया था। विवाहिता जैसे ही ससुराल पहुंची तो परिजन कम दहेज लाने का ताना मारने लगे। और 2 लाख रुपया और बुलेट लाने की मांग होने लगी। मायके के लोगो को बताया जो असमर्थता जाहिर किए। इस दौरान गर्भवती हो गई। और एक बच्ची भी अस्पताल में पैदा हुई। जिसका पूरा खर्च मायके के लोगो ने खर्च किया। 24 अक्टूबर 2023 को पति विदाई कराकर घर लाए। पूर्व में ही पति का जेठानी से अवैध संबंध था। जानकारी होने पर जब जेठ से शिकायत किया तो वह गाली गलौज करते हुए चप्पल से मारते हुए शाडी खीच कर अश्लील हरकत करने लगा।उसी दिन ससुराल के लोगो ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति धनपत,जेठानी सुधा,जेठ सचिन, ननद बिंदु,सास शारदा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,छेड़छाड़,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

55 ग्राम स्मैक के साथ जायस पुलिस ने एक युवक को धर दबोचा

अमन लेखनी समाचार

जायस, अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्यनशामुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत उ0नि0 प्रदीप कुमार मिश्र थाना जायस मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त एजाज पुत्र अनवर निवासी जेर मस्जिद थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को पकरी रोड पुलिया के पास से समय 10:55 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 55 ग्राम स्मैक बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि थाना द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

हिन्दी भाषण, बास्केटबाल व वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह-2023 के अन्तर्गत शुक्रवार को हिन्दी भाषण बास्केटबाल, वॉलीबाल, संगीत गायन तथा श्रीरामचरितमानस प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा परिषद् के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में किया गया। हिन्दी भाषण प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग के अन्तर्गत दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर की प्रियंका गुप्ता को प्रथम, बापू पी.जी. कालेज पीपीगंज, गोरखपुर की अंकिता द्विवेदी को द्वितीय तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के सौरभराम त्रिपाठी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। माध्यमिक तथा कनिष्ठ वर्ग के प्रतियोगिता का परिणाम बाद में घोषित किया जायेगा। संगीत गायन प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में जी.एन.नेशनल पब्लिक स्कूल गोरखपुर के ओम सिंह को प्रथम, महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर की आस्था गुप्ता को द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर, गोरखपुर के श्रेयांश तेजस्वी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बास्केटबाल, बालिका वर्ग के अन्तर्गत महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर विजेता तथा महाराणा प्रताप महिला पी.जी. कालेज रामदत्तपुर की टीम उपविजेता रही। वहीं वॉलीबाल प्रतियोगिता बालक वर्ग के अन्तर्गत महाराणा प्रताप इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर की टीम विजेता रही जबकि दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज की टीम को उपविजेता घोषित किया गया। श्रीमद्भगवद्गीता प्रतियोगिता में श्री गोरक्षनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखपुर के कक्षा 10 के छात्र प्रशान्त मणि त्रिपाठी प्रथम, सरस्वती बालिका विद्यालय सूर्यकुण्ड, गोरखपुर के कक्षा 10 की विद्यार्थी पल्लवी त्रिपाठी द्वितीय तथा श्री गोरक्षनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोरखपुर के कक्षा 10 के छात्र आदित्य पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए संचालन समिति ने बताया कि कनिष्ठ वर्ग के अन्तर्गत गुरू गोरखनाथ संस्कृत विद्यापीठ भरोहिया, पीपीगंज गोरखपुर की साक्षी यादव ने प्रथम, सरस्वती शिशु मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल सूर्यकुण्ड, गोरखपुर के सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने द्वितीय तथा इसी संस्थान के श्रेयांश तेजस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक वर्ग अन्तर्गत श्रीगोरखनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोरखपुर के अनुभव पाठक ने प्रथम, हर्ष पाण्डेय ने द्वितीय तथा आदित्य पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग के अन्तर्गत श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के अनुराग मिश्र प्रथम, बॉके बिहारी शुक्ला द्वितीय तथा आकाश तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। गोरखवाणी प्रतियोगिता के अन्तर्गत कनिष्ठ वर्ग में श्रीगोरखनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोरखपुर के कक्षा 10 के छात्र आदित्य पाण्डेय ने प्रथम, महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कालेज रामदत्तपुर, गोरखपुर के कक्षा 8 की छात्रा पायल दूबे ने द्वितीय तथा महाराणा प्रताप इण्टर कालेज गोरखपुर के कक्षा 9 के छात्र आदित्य गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर के कक्षा 12 की छात्रा वैष्णवी अग्रहरी ने प्रथम, महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल मंगला देवी मन्दिर बेतियाहाता, गोरखपुर के कक्षा 11 की छात्रा शशि मौर्या ने द्वितीय तथा महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कालेज रामदत्तपुर, गोरखपुर के कक्षा 11की छात्रा साधना साहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शोभा यात्रा के श्रेष्ठ पथ संचलन के दर्शन धींगरा स्मृति पुरस्कार की घोषणा करते हुए संचालन समिति ने बताया कि इस वर्ष महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने प्रथम, महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कालेज रामदत्तपुर, गोरखपुर ने द्वितीय तथा गुरू गोरखनाथ विद्यापीठ भरोहिया पीपीगंज, गोरखपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर एवं दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर को प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। एन.सी.सी. के सर्वश्रेष्ठ पथ संचलन का स्व. गुरु प्रसाद सरकार स्मृति पुरस्कार महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर को प्राप्त हुआ। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह के उद्घाटन अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर को प्रथम, महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र चौक माफी पीपीगंज, गोरखपुर को द्वितीय तथा दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर को तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हत्या करने के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगानें एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में चालाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उ0नि0 अजीत कुमार यादव के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 384/2023 धारा 147, 148,323,452,302 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रामबुझ पुत्र स्व0 भगहू निवासी बरोही थाना सिकरीगंज गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया।

भाजपा नेता अनिल भट्ट ने प्राथमिक विद्यालय को दिया 25 कुर्सी- मेज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर । कौवाडील ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय में क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल भट्ट ने करीब 2 लाख रुपए का फर्नीचर भेंट किया है। जिसमें 25 टेबल मेज सहित विशेष किस्म की कुर्सियां भी शामिल हैं । कुर्सी मेज पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान दौड़ गई, विद्यालय स्टाफ द्वारा भाजपा नेता अनिल भट्ट का माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा नेता अनिल भट्ट ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा उन्हें ज्ञात हुआ कि प्राथमिक विद्यालय कौवाडील स्थित केंद्र में बच्चों के पास बैठने के लिए अभी तक कुर्सियों का अभाव है क जिसको देखते हुए तत्काल परिवार के पशु चिकित्सक इंद्रमणि भट्ट द्वारा प्रयासों से आज बच्चों को टेबल कुर्सियों का वितरण किया गया क विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास राय ,ने बताया कि स्कूल में विद्यार्थियों की बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था नहीं थी। जिसको लेकर ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की गई। जो भाजपा नेता अनिल भट्ट के परिवार सहयोग से बच्चों को बैठने के लिए विशेष प्रकार की कुर्सी और मेज विद्यालय में वितरण किया गया क विद्यालय परिवार आभार प्रकट करता है ।इस अवसर पर पूर्व प्रधान बलवंत यादव,पशु चिकित्सक डॉ इंद्रमणि भट्ट, पूर्व प्रधानाचार्य कृष्णचंद्र शर्मा, सुशील दुबे , डॉ अवनीश भट्ट ,सरवन यादव, महेंद्रनाथ, रवि प्रकाश भट्ट, पं शैलेश शास्त्री, डॉ संदीप, अभिषेक शर्मा, सोनू शर्मा, आत्माराम, बजरंग भट्ट, समेत आदि मौजूद रहे।

शादी में भोज के दौरान विवाद नौ नामजद और अज्ञात पर दर्ज हुआ केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत उज्जीखोर में लडकी की शादी में भोज के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो सगे पट्टीदार आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनो पक्षों की शिकायत पर नौ नामजद और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक पक्ष से अशोक विश्वकर्मा जिनकी लडकी की शादी बुधवार को थी। भी चल रहा था। उसी दौरान मनबढ पुरानी रंजिश को लेकर मुझे ,भाई,पिता को मारपीट कर घायल कर दिए। और जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने विवेक ,इंद्रेश,विक्की, भंडोली,दिवा के खिलाफ बलवा,मारपीट,और जान मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही दूसरे पक्ष के विकास विश्वकर्मा बुधवार को रात्रि में मित्र के बारात में गए हुए थे। पट्टीदार के घर शादी थी। पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदार फोन कर धमकी दिए की भाई और पिता की हत्या कर देगे। जब घर पहुंचा तो आरोपी ईट पत्थर से हमला कर मुझे ,भाई,पिता को पिटकर घायल कर दिए। पुलिस ने आरोपी दिलीप विश्वकर्मा,अशोक विश्वकर्मा, विशाल विश्वकर्मा, विशाल विश्वकर्मा,अमित विश्वकर्मा तथा अन्य के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

दूसरे पति ने साजिश कर 4.10 लाख हड़पा, तीन पर केस दर्ज

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत बाधागाड टोला जीतपुर निवासी रीना देवी के पहले पति की 5 अक्टूबर 2018 में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। कुछ माह बाद देवर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना शुरू कर दिया। परिजन और रिस्तेदारो के सहमति के बाद 15 मार्च 2019 को देवर ने गोरखपुर मंदिर में हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी रचाया। और उसका अनुबंध पत्र भी बनाया। इसके बाद दूसरे पति ने साजिश करते हुए मुआवजे में मिले 4.10 लाख रुपए अपने मां के खाते में ट्रांसफर करा लिया। जब पीड़िता ने रुपए के बारे में जानकारी लेनी चाही। तो मारना पिटना शुरू कर दिया। इस दौरान जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। जानकारी मिली की दूसरा पति थाना बेलीपार निवासी एक लडकी से शादी करने जा रहा है। जब लडकी के पिता से इस बात की जानकारी लेनी चाही तो वह भी गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।

नगर पंचायत अध्यक्ष का जन्मदिन धूमधाम से मना

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित खबर नगर पंचायत घघसरा अध्यक्ष प्रभाकर दुबे के जन्म दिवस पर बड़े धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर ब्लाक प्रमुख शशिप्रताप सिंह,राघवेन्द्र नारायण त्रिपाठी,रामजनक मौर्य अष्टभुजा तिवारी विनोद कुमार पांडेय संतोष पाण्डेय रमेश चंद्र मद्धेशिया राजीव राज अशोक मिश्रा अनिल कुमार गुप्ता , आधाराम मिश्रा सुनील मिश्रा नवीन भट्ट अजय तिवारी कन्हैया अशोक यादव शैलेष तिवारी सभासद सुरेन्द्र बर्मा सुंदरम तिवारी शिवानंद पांडेय राकेश कुमार विजय प्रताप राज आदि लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गजेटियर तैयार करने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गजेटियर तैयार करने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जिला गजेटियर तैयार किये जाने हेतु 11 अध्यायों की प्रश्नावली तैयार की गयी है जिन पर जनपद स्तर पर सूचनायें संकलित कराकर जिला गजेटियर अभिलिखित किया जाना है। जिला गजेटियर डायनमिक रूप से तैयार किया जायेगा जिसमें आवश्यकतानुसार अपडेशन की कार्यवाही भी समय से की जा सके। जिला गजेटियर डिजिटल फार्म में तैयार करके प्रकाशन हेतु जिला गजेटियर विभाग उ0प्र0 को उपलब्ध कराया जाना है। जिला गजेटियर द्वारा राज्य स्तर पर सलाहकार परिषद, सलाहकार परिषद की उप समिति आदि में प्रस्तुत कर जिला गजेटियर का प्रकाशन कराया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता द्वारा बताया गया कि जिला गजेटियर तैयार किये जाने हेतु 11 अध्यायों क्रमशः 1-सामान्य परिचय, 2-इतिहास, कला एवं संस्कृति, 3-लोक एवं समाज, 4-जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, न्याय व्यवस्थ एवं अन्य विभाग, 5-कृषि, बागवानी, सिंचाई एवं संलग्न गतिविधियॉ, 6-आर्थिक परिदृश्य (उद्योग, बैंकिंग, व्यापार एवं वाणिज्य तथा विविध व्यवसाय), 7-राजनीतिक परिदृश्य एवं स्थानीय स्वशासन, 8-शिक्षा, 9-चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य सेवायें, 10-पर्यटन, परिवहन एवं संचार तथा 11-विविध की प्रश्नावली तैयार की गयी है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को नोडल एवं सह नोडल बनाने के निर्देश दिये और कहा कि जो पुराना गजेटियर है उसका अवलोकन किया जाये जिससे जनपद की एक अच्छी गजेटियर तैयार हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह, उपकृषि निदेशक डा. एलबी यादव, एआरटीओ सर्वेश सिंह, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस रीता सिंह सहित जिला गजेटियर समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नौ बौद्ध ,24 मुस्लिम 175 हिंदू जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी। तहसील तिलोई के अंतर्गत शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 208 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ जिसमें से 9 जोड़े बौद्ध धर्म के अनुसार 24 मुस्लिम धर्म के अनुसार और 175 हिंदू धर्म के अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम सफल हुआ जिसमें से सामान्य वर्ग के 7 जोड़ पिछड़ा वर्ग के 30 जोड़े अल्पसंख्यक के 24 जोड़े और अनुसूचित जाति के एक को 121 जोड़े मौजूद रहे अगर हम बात करें तो बहादुरपुर ब्लॉक से 38 जोड़े तिलोई ब्लॉक से 58 जोड़े और सिंहपुर ब्लाक के 95 जोड़े इस विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए ।

विवाह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग जनपद अमेठी के द्वारा संपन्न करवाया गया था इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह समाज कल्याण विभाग अमेठी क्षेत्राधिकार तिलोई, विशिष्ट अतिथि के रूप में हरि ओम कअर प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मौजूद रहे इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बाबू महीपत सिंह महाविद्यालय तिलोई में आयोजित किया गया था कार्यक्रम के बौद्ध रीति से बौद्धाचार्य अशोक सावंत के द्वारा बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर एवं तथागत महामानव गौतम बुद्ध की प्रतिमा सामने सम्पन्न कराया गया जिसमें जितेंद्र गौतम संग सविता निवासी पटखौली, राकेश कुमार संग शालिनी निवासी अंगुली इन्हौना, संतोष कुमार संग आशा निवासी बनार पुर शुक्लबजार,सुनील कुमार संग ममता निवासी,उमरवल हैदरगढ़, मनोज कुमार सरोज संग अंशिका निवासी गौरा जामो, राजकुमार संग कोमल निवासी धनौली खास, बाराबंकी, लवकुश,संग किरन निवासी नगिया मऊ सिंह पुर अमन संग राजकुमारी निवासी गौड़ा फूला तिलोई, सूरज संग रीता निवासी हंसवा का बौद्ध रीति से सम्पन्न हुआ वहीं 24 जोड़ों का निकाह सम्पन्न हुआ तथा 175 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार मंत्रोच्चारण के सम्पन्न हुआ ।इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 208 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न हुआ। वहीं सभी जोड़ों को ?35000 खाते पर एवं 10000 का सामान उपलब्ध कराया गया ।

विशिष्ट अतीत डॉक्टर हरिओम ने बताया कि सामूहिक विवाह के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा जो राशि भेजी जा रही है सोमवार तक सभी जोड़ों के खाते में पहुंच जाएगी इस प्रकार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया तहसील तिलोई में सम्पन्न हुआ।

17वें दिन जनपद के 6 विकास खंडों की 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज 17वें दिन जनपद के 06 विकास खंडों की 12 ग्राम पंचायतों क्रमशः चतुर्भुजपुर, डेहरा, अमटाही, टीकरमाफी, राघीपुर, अरगवां, बघौना, उत्तरपारा, कटेहटी, खैरातपुर, मवइया रहमतगढ़ व जौदिलमऊ में किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया तथा इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान डे नोडल अधिकारियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया एवं इस अवसर पर एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया, जिसे 26 जनवरी, 2024 तक जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से संचालित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों क्रमशः राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व चौपाल, पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, जल जीवन मिशन, एन0आर0एल0एम0, बाल विकास, पेंशन, स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अद्यतन योजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित जनसामान्य के आवेदन कराते हुए उन्हें सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किया गया।

एक वैवाहिक जोड़ा पुनः साथ रहने को हुआ राजी

अमन लेखनी समाचार

मोहनगंज, अमेठी। नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत उप निरीक्षक सुधा वर्मा प्रभारी महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी मोहनगंज मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया जिसमें एक वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया। अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की बधाई दी गई ।

सड़क के एक हिस्से पर शराबियों का हुआ कब्जा

आबादी से सटे नहर पटरियो पर रहता शराबियों का जमवाड़ा, बिना भय दिनदहाड़े पीने पिलाने का बदस्तूर जारी

अमन लेखनी समाचार

बाजार शुक्ल, अमेठी। कस्बे में शराबियों को शराब पीने के लिए किसी अहाते को तलाश करने की जरूरत नहीं क्योंकि पुलिस व विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में कई सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने व पिलाने के मुख्य मार्ग के संपर्क मार्ग मौजूद है। दिनदहाड़े शराबियों को जाम टकराते आम देखा जा सकता है। इससे जहां आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता ही है।वहीं महिलाओं को रास्ते से गुजरना मुश्किल भरा हो जाता है। सरे आम शराब पिलाने का काम धड़ल्ले से सार्वजनिक स्थलों पर चलने के कारण पुलिस की कारगुजारी पर भी सवालिया निशान देखा जा रहा है। इन्हौना रानीगंज मार्ग पर शराब के ठेकों के आगे सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पिलाने का काम जारी देखा जा सकता है। कस्बे का मुख्य मार्ग होने के कारण महिलाएं और स्कूली विद्यार्थियों का यहां से गुजरना होता है। परन्तु सबकुछ नजर अंदाज कर पर शराब पिलाने का कारोबार बदस्तूर जारी है।

खास समाचार

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 दिसम्बर को- प्राभरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज एफ0टी0सी0 (सी0ए0डब्लू) सोनभद्र

सोनभद्र। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज, एफ0टी0सी0 (सी0ए0डब्लू) सोनभद्र पारितोष श्रेष्ठ ने अवगत कराया है कि 09 दिसम्बर, 2023 को प्रातः 10.00 बजे से जनपद न्यायालय सोनभद्र के प्रांगण एवं वाह्य न्यायालय ओबरा, दुद्धी तथा ग्रामीण न्यायालय घोरावल के प्रांगण में एवं राजस्व सम्बन्धी वादों के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत सभी राजस्व न्यायालय परिसर में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए न्यायालय में लम्बित-आपराधिक शमनीयमनीय वाद धारा-138 एन0आई0 एक्ट के वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वादों, आर्बीट्रेशन, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत एवं जल बिल, सर्विस में वेतन एवं भत्तों से सम्बन्धित एवं सेवानिवृत्ति परिलाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद (केवल माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालयों में लम्बित वाद), अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाविकार, व्यायदेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) से सम्बन्धित मामलों के साथ साथ सुलह योग्य प्रि-लिटिगेशन मामलों-जैसे धारा-138 एन0आई0 एक्ट के वाद, बैंक वसूली वादों, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल व अन्य (आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक एवं अन्य सिविल विवाद) वादों को जनपद न्यायालय, सोनभद्र के प्रांगण में एवं वाह्य न्यायालय ओबरा, दुद्धी तथा ग्रामीण न्यायालय घोरावल के प्रांगण में एवं राजस्व सम्बन्धी वादों के लिए लोक अदालत सभी राजस्व न्यायालय परिसर, सोनभद्र में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने जन साधारण को सूचित करते हुए बताया कि उक्त प्रकार के लम्बित वाद/विवाद/शिकायत को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकरण/फोरम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी जनपद न्यायालय/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र से सम्पर्क कर अपने विवाद को निस्तारित करा सकते हैं।

पूर्वदशम (कक्षा 9-10) के छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति आनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि 02 जनवरी तक

सोनभद्र। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री गिरीजा शंकर सरोज ने अवगत कराया है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रों द्वारा आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 02 जनवरी,2024 तथा सम्बन्धित विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाईन सत्यापित एंव अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 20 फरवरी 2024 निर्धारित है सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया जाता है कि समस्त छात्र/छात्राओं से आवेदन करवाने तथा सत्यापित व सस्मय अग्रसारित करें ताकि कोई भी पात्र छात्र/छात्रा आनलाईन आवेदन से वंचित न रह जाये, और सभी शिक्षण संस्थायें मास्टर डाटा में सम्मलित विद्यालय पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं फ्रेश/रिनीवल का विवरण भी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को उपलब्ध करायें।

गाजीपुर जिले में मोहम्मदाबाद क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में ननिहाल में पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश

हत्या है या आत्महत्या पता लगा रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में अपने ननिहाल में रहने वाला राहुल यादव उम्र लगभग 16 वर्ष पेड़ पर झूलती हुई लाश पाई गई जिसे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और तिवारीपुर में कोहराम मच गया. इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक राहुल यादव प्रतापपुर थाना मोहम्मदाबाद का रहने वाला था बचपन मैं ही माता उषा देवी के मृत्यु के बाद वह तिवारीपुर अपने ननिहाल में रहता था और कहीं से इंटर का फार्म भी भरा था कबड्डी का अच्छा प्लेयर था बीती रात लगभग 2:00 बजे के आसपास उसे फोन से किसी ने बुलाया कबड्डी खेलने के बहाने और वह दरवाजा खोलकर बिना कुछ बताएं चला गया, सुबह 7:00 बजे के आसपास किसी के द्वारा परिजनों को सूचना मिली कि राहुल की लाश एक पेड़ पर टंगी हुई है।सूचना पाकर परिजन रोते चिल्लाते दहाड़ के मौके पर पहुंचे सूचना स्थानीय थाना मोहम्मदाबाद को मिली तत्काल मौके पर पुलिस पहुंचकर लाश को कब्जे में ले लिया और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।राहुल यादव के पिता मनीष सिंह यादव जो प्रतापपुर के रहने वाले हैं।इस समय बाहर में काम करने गए हैं। मृतक अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था और उसकी दो बहने हैं। जिनका नाम वंदना 18 वर्ष रानी 15 वर्ष बताया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान

महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद सोनभद्र के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों व शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल/कालेजों, गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108, साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ - बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

एसबीए चुनाव: अध्यक्ष पद पर सर्वाधिक 6 प्रत्याशियों ने लिया पर्चा

23 पद के लिए कुल 36 प्रत्याशियों ने लिया पर्चा

संयुक्त मंत्री और सदस्य कार्यकारिणी छोड़कर सभी पदों पर होगा मुकाबला

12 व 13 दिसंबर को होगा पर्चा दाखिल

प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से किया संपर्क, चुनावी सरगर्मी हुई तेज

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2023प्त24 के लिए हो रहे मतदान के लिए शुक्रवार को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सहित भिन्न-भिन्न पदों के लिए कुल 36 प्रत्याशियों ने पर्चा लिया। जिसमें सर्वाधिक 6 प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए पर्चा लिया। संयुक्त मंत्री के लिए कुल 6 प्रत्याशी विनय कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, पूनम सिंह, ओम प्रकाश राय, रमेश देव पांडेय व अरुण कुमार मिश्रा ने पर्चा लिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी शारदा प्रसाद मौर्या एवं लालता प्रसाद पाण्डेय, महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल, राजीव कुमार सिंह गौतम व अखिलेश कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए तीन प्रत्याशियों दिलीप कुमार त्रिपाठी, संतोष कुमार मिश्रा एवं संतोष कुमार सिंह तथा उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए चार प्रत्याशी सीताराम चौहान, अनुज प्रसाद अवस्थी, आशुतोष कुमार दुबे व मोहित कुमार मिश्रा, संयुक्त मंत्री प्रशासन दुगार्शंकर चौबे, प्रकाशन विवेक कुमार पांडेय व श्यामकिशोर, कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों अनिल कुमार पाण्डेय, उमेश कुमार शुक्ल व राजकुमार सिंह ने पर्चा लिया है। वही सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए 6 प्रत्याशी अनुराग सिंह पटेल, सत्यनारायण गुप्ता, सतीश कुमार चौबे, आनंद कुमार श्रीवास्तव, राकेश धर द्विवेदी व योगेश कुमार एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए 6 प्रत्याशी दिनेश दत्त पाठक, अरुण कुमार पांडेय, सत्यदेव पांडेय, विवेकानंद चौबे, संतोष कुमार जैन व यशवंत कुमार सिंह ने पर्चा लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि 12 दिसंबर एवं 13 दिसंबर को प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिल करेंगे। उधर प्रत्याशियों द्वारा समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया गया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि अध्यक्ष पद पुस्तकालय, प्रकाशन और प्रशासन के तीन पद और सदस्य कार्यकारिणी के 12 पदों को छोड़कर शेष सभी पदों पर मुकाबला होगा। हालाकि आगामी 12 व 13 दिसंबर को पर्चा दाखिल होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया।

घर बैठे विद्युत समस्या का करें समाधान - एम एम सिद्दीकी

विद्युत उपभोक्ताओं को अनेक सहायताएं प्रदान कर रहा विद्युत विभाग

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद में विद्युत विभाग ने एक अभियान विद्युत विभाग आपके द्वार प्रारंभ किया जानकारी देते हुए सदर क्षेत्र उपखंड अधिकारी प्रथम एम एम सिद्दीकी ने बताया कि उपभोक्ता को किसी भी समस्या जैसे बिल मीटर इत्यादि के लिए भाग दौड़ नहीं करनी पड़ेगी जिसके लिए आपके घर आने वाले विद्युत कर्मचारी को सूचित करें लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देने पर उपभोक्ताओं का त्वरित समाधान किया जाएगा उपखंड अधिकारी ने बताया कि अपनी एक निश्चित तिथि से पहले विद्युत बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को छूट का भी लाभ दिया जा रहा है सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक मुक्त समाधान योजना अंतर्गत उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत उपकेंद्र में जाकर ब्याज में छूट प्राप्त करते हुए अपना बकाया विद्युत बिल जमा कर सकते हैं अधिकारी ने उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए अपील की कि सभी उपभोक्ता समय से प्रतिमाह अपना विद्युत बिल जमा करें तथा समय-समय पर अवर अभियंता एवं उपखंड कार्यालय में अपडेट कराऐ जिससे बिल या मीटर संबंधी समस्याएं ना आने पाये और सुचारू रूप से उपभोक्ता विद्युत का उपभोग कर सके समय रहते ओटीएस योजना के अंतर्गत यदि उपभोक्ता का बकाया बिल जमा नहीं होता तो विभाग उपभोक्ता पर कनेक्शन काटने या अन्य कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा विभाग द्वारा चलाई जा रही ओटीएस योजना की जानकारियां फोन कॉलिंग एलाउंसमेंट तथा विद्युत विभाग के रथ द्वारा जगह-जगह आम जनमानस को बकाया विद्युत बिल जमा करने के लिए जानकारियां प्रदान कर रहा है

बारात शाला निर्माण में घटिया ईंट और मौरंग का प्रयोग

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। विकास खण्ड देवमई की ग्राम पंचायत गलाथा में गरीबों की असुविधा को देखते हुए बारात शाला का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए अव्वल ईंट की जगह पीला ईंट तथा मौरम के नाम पर मिट्टी का प्रयोग हो रहा है। ग्रामीणों ने भी ठेकेदार के रोब के आगे अपनी आंखें बन्द कर ली हैं। इस निर्माण में लग रहे घटिया सामग्री का विरोध करने वाला कोई नहीं है। ज्ञात हो कि यह बारात शाला करीब एक सौ वर्गमीटर के क्षेत्रफल में बन रहा है। ठेकेदार ने यह बात हवा की तरह फैला रखी है कि इसका निर्माण केंद्रीय मंत्री के लोग करवा रहे हैं इसीलिए कोई विरोध नहीं कर रहा है। जबकि अमन लेखनी समाचार इस बात की पुष्टि नहीं करता है।

निर्माणाधीन बारातशाला की अल्पायु

लोगों का मानना है कि जिस तरह से घटिया सामग्री लगाई जा रही है लगता नहीं है कि ज्यादा दिन तक बारात शाला की बिल्डिंग बरकरार रहेगी, कुछ लोग तो कहते हैं कि इस तरह के निर्माण से तो बारातें खतरे से खाली नहीं रहेंगी। बीडीओ देवमई से पूछने पर उन्होंने बताया है कि मामला संज्ञान में नहीं है फिर भी जेई टेक्नीशियन को भेजकर इसकी जांच कराई जाएगी।

संघर्ष सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रंगी चिकित्सा शिविर में 100 से अधिक मरीज हुए लाभान्वित

भारतवर्ष की महान चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद हम सभी के लिये वरदान- डॉ० संदीप सरावगी

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

झाँसी। भारतवर्ष की महान चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के माध्यम से सैकड़ो वर्षों से असाध्य रोगों का उपचार किया जा रहा है। आयुर्वेद पद्धति का जन्म भारत से ही माना जाता है। आयुर्वेद उपचार के अंतर्गत श्रृंगी चिकित्सा पद्धति द्वारा रक्त मोक्षन विधि से जोड़ों के असाध्य रोगों का इलाज संभव है। हरिद्वार में डॉक्टर राजकुमार टोनी एवं उनके सहयोगी द्वारा श्रृंगी चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार किया जा रहा है जिससे अभी तक लाखों की संख्या में मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। वर्तमान समय में हमारे बिगड़ते खान-पान और अन्य कारणों से जोड़ों का दर्द आम बात हो गई है लोगों द्वारा काफी रुपया खर्च करने के बाद भी सफलता के साथ उपचार नहीं मिल पाता है। इस समस्या के समाधान के लिए संघर्ष सेवा समिति द्वारा एस.एम. टावर झोकन बाग स्थित समिति कार्यालय पर तीन दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसके प्रथम दिवस पर 100 से अधिक मरीजों का सफल उपचार किया गया। काफी वर्षों से चलने फिरने में असक्षम मरीज बिना सहारे के चलते हुए दिखाई दिये। बातचीत में सभी ने बताया कि उन्हें इस चिकित्सा पद्धति से काफी आराम मिला है और चलने फिरने में समस्या नहीं आ रही है। उपचार के बाद सभी मरीजों ने डॉक्टरों की टीम और संघर्ष सेवा समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया। राजकुमार टोनी बताते हैं उनके पूर्वज पिछले 1800 वर्षों से इस पद्धति द्वारा लोगों का उपचार कर रहे हैं। इस चिकित्सा पद्धति में किसी भी प्रकार की चीराफाड़ी नहीं होती है मात्र 20 से 25 मिनट के उपचार में मरीज को पूर्ण रूप से आराम मिल जाता है। इस चिकित्सा पद्धति में मवेशियों के सींगों (श्रंगों) के माध्यम से उपचार किया जाता है दर्द वाले स्थान पर उनका खोखला सींग लगाकर निर्वात उत्पन्न करते हैं उसके पश्चात काफी समय से जमे हुए खून को शरीर के बाहर निकाला जाता है। उन्होंने कहा डॉक्टर संदीप निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर जनमानस का भला कर रहे हैं। जनमानस के साथ इसका लाभ निश्चित रूप से डॉ० संदीप को भी मिलेगा। संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉक्टर संदीप सरावगी ने कहा आज के समय में खासकर बुजुर्गों को जोड़ों का दर्द, सर्वाइकल आदि समस्याओं से जूझना पड़ रहा है जिससे उनका जीवन दूभर होता जा रहा है व्यस्तता के कारण उनके बच्चे भी मां-बाप के इलाज पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति हरिद्वार या अन्य जगह जाकर इस चिकित्सा पद्धति से उपचार कराने में सक्षम नहीं है। इसी कारण हमने झाँसी में तीन दिवसीय (8, 9, 10 दिसम्बर) निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया प्रथम दिवस पर 100 से अधिक मरीजों का उपचार हुआ है सभी का कहना है कि उन्हें 80 से 100% तक लाभ मिला है हम आगे भी इस प्रकार के आयोजनों को क्रियान्वित करते रहेंगे। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, संदीप नामदेव, अनिल वर्मा, पूजा रायकवार, नीतू सिंह माहौर, कौशर जहां, मोना रायकवार, उर्वशी अवस्थी, अनुज प्रताप सिंह, साकेत गुप्ता, लखन लाल सक्सेना, संजीव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

पदार्थों की तस्करी करने वाले 05 अभियुक्त गिरफ्तार

एक कार से 50 किलो गांजा अनुमानित कीमत मय कार 15 लाख रुपये बरामद

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा अपने प्रभावी आसूचना संजाल के इनपुट से दिनांक 07.12.2023 को समय रात्रि 21.30 बजे सेहुआ मोड़ नई बाजार रॉबर्ट्सगंज से 5 अभियुक्त को एक कार से 50 किलो गांजा (अनुमानित कीमत मय कार 15 लाख रुपये) व 05 मोबाइल तथा 11500/- रुपये नगद बरामद कर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-713/2023 धारा 8/20 ठऊढर अू३ का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग बिहार से गांजा खरीदकर अपने वाहन से लखनऊ बेचने हेतु ले जा रहे थे। लखनऊ में थोड़े झ थोड़े मात्रा में बेच देते है। उक्त गांजा के बिक्री से जो लाभ होता है हम सभी मिलकर आपस में बाट लेते है। हम सभी लोगों का इसी से जीवकोपार्जन होता है। इससे पूर्व भी बिहार से गांजा खरीदकर ऊंचे दामो में ले जाकर अन्य जगहों में बेच चुके हैं।

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनकर श्रोता हुए भाव

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। कसवा गुरसरांय मे महिला मण्डल धनाई के तत्वावधान में कारसदेव मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई। कथा का वाचन करते हुए पंडित रवि शास्त्री जी वृंदावन धाम ने कहा कि भगवान का जन्म जब हुआ तो सारी प्रकृति अपने नियम भूल गई।भगवान के जन्म पर सभी देवता विभिन्न रूपों में ब्रज मंडल में अवतार लेने लगे। उन्होंने कहा नंद एवं यशोदा पूर्व जन्म के वसु थे जिन्होंने तपस्या करके भगवान की बाल लीलाओं का सुख प्राप्त करने का वरदान मांगा था।उसी वरदान को पूरा करने के लिए निर्गुण ब्रह्म सगुण साकार बनकर ब्रज में कृष्ण के रूप में अवतरित हुआ इसके पूर्व की कथा में उन्होंने अष्टांग योग के द्वारा कपिल उपदेश सुनाते हुए कहा कि भगवान का ध्यान लगाने के लिए सबसे पहिले आसन को जीतें फिर अष्टांग विधि से भगवान में अपनी इंद्रियों को संयमित करते हुए ध्यान लगाएं। कथा की आरती परीक्षित श्रीमती कीर्ति गोविंद सिंह सेंगर एडवोकेट ने की। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य के के तिवारी, देवेंद्र सिंह घोष, प्रसिद्ध नारायण यादव, सरजू शरण पाठक, राकेश व्यास, ठाकुरदास तिवारी, राज बहादुर सिंह, नाथूराम पाठक, शिवकुमार तिवारी, राजा जी चौहान, दिव्वन यादव, देवेन्द्र बालू प्रधान, जगतराज सिंह एडवोकेट, गज्जू कुशवाहा, शिवा कुशवाहा, श्रीमती पार्वती, अंशू तिवारी, कल्लू कुशवाहा, दिनेश शुक्ला एडवोकेट, अंकित सेंगर, अनूप पटेल, मनोज शर्मा, नरेंद्र त्रिपाठी, मुन्ना नामदेव आदि उपस्थित रहे।

व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री की मां के निधन पर शोक

सासनी - वरिष्ठ समाज सेवी शैलेश चंद्र वार्ष्णे-य तथा व्यापार मंडल के प्रदेश मन्त्री श्री निर्देश चंद्र वार्ष्णेय श्रीमती गायत्री देवी वार्ष्णेय का देर शाम निधन होने पर विभिन्नच संस्थाओं ने गहरा शोक प्रकट किया है। बुधवार की देर शाम वरिष्ठ समाज सेवी शैलेश चंद्र वार्ष्णेय एवं श्री वार्ष्णेय महासभा सासनी के मार्गदर्शक, व्यापार मंडल के प्रदेश मन्त्री श्री निर्देश चंद्र वार्ष्णेय पुत्र स्वर्गीय नमेश चंद्र वार्ष्णेय जी (पूर्व चेयरमैन सासनी) की माता जी का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया है। जिसे लेकर समस्त वार्ष्णेय समाज में शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न संस्थाकओं ने श्रीमती गायत्री देवी वार्ष्णेय के निधन पर गहरा शोक व्यणक्त करते हुए समाज की अपूर्णनीय क्षति बताया। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मात की शांति और शोकाकुल परिवार को धैर्य धारण की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वमर से प्रार्थना की गई।

बबनडीहा और नवाटोला में सम्पन्न हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा

निश्चित तौर पर हम आप सभी ग्रामीणों के साथ है- ब्लॉक प्रमुख श्री मानसिंह गोंड़

अमन लेखनी समाचार

लिलासी/सोंनभद्र। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को म्योरपुर ब्लॉक के बबनडीहा व नवाटोला ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में बताया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख श्री मानसिंह गोंड़ ने कहा कि सरकार द्वारा जनहित में बहुत लाभकारी योजनाओं को चलाया गया है, जो आदिवासी गरीबों के हित में है। ऐसे में इन योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष रूप से लाभार्थी को मिल रहा है। श्रीसिंह ने कहा कि वनाधिकार के तहत हजारों आदिवासी वनवासियों को जमीनों पर पट्टा मिला। भौमिक अधिकार से वंचित लोग तमाम तरह की समस्याओं से जूझ रहे थे। ऐसे में सरकार ने आदिवासियों के हित के लिए काम किया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रमाशंकर यादव समाज कल्याण अधिकारी ने सरकार के समस्त कल्याणकारी योजनाओं को विस्तृत रूप से बताया। इसके अलावा संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लोगों की समस्याएं सुनी गई और उनका समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मानसिंह, ग्राम प्रधान संत कुमार गुप्ता, ग्रामप्रधान दशमतिया देवी संकल्प यात्रा नोडल अधिकारी रमाशंकर यादव, एडीओ आई एसबी श्रीश त्रिपाठी, सचिव अखिलेश दूबे, भाजपा कार्यकर्ता दीपक अग्रहरी, अमरकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष मोहर लाल खरवार, होरीलाल पासवान, उमाशंकर मरकाम, आशीष अग्रहरी व शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की विधायक ने दी जानकारी

विधायक ने नाला और इंटर लॉकिंग का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत देवमई विकासखंड के जोगापुर के प्राथमिक विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जहानाबाद क्षेत्र के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अनेक प्रकार के नाट्य, कविता, राष्ट्रीय गीत, नृत्य प्राथमिक विद्यालय के बच्चो द्वारा प्रस्तुत की गई वही जहानाबाद क्षेत्र के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी देते हुए बताया की विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रमुख उददेश्य क्या है

1. क्षेत्र में प्रचार की गतिविधियों आम नागरिकों में योजनाओ के प्रति जागरूकता लाना है।

2. सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच बनाना जो किन्हीं कारणों से इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं।

3. केन्द्र की योजनाओं के संबंध में जानकारी का प्रसार करना।

4. नागरिकों और लाभार्थियों से योजनाओं के संबंध उनके अनुभव जानना।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधिया पूरे देश प्रदेश के जनपद तहसील ग्राम पंचायतों स्तर पर भी जन-जागरूकता की गतिविधियॉ संचालित की जायेगी जिसमें जागरूकता, सामुदायिक, सांस्कृतिक गतिविधियॉ शामिल हैं इसके अलावा सूचना-शिक्षा-संचार वेन, आईटी प्लेटफार्म, और मोबाइल एप्लीकेशन भी उपयोग में लाये जायेंगे। राज्य सरकार, जिला, ग्राम पांचायत और स्थानीय शासन की समिति और केन्द्र सरकार के संगठन और संस्थाओं से प्लानिंग, समन्वय और निगरानी की जायेगी। ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो फर्टिलाइजर शामिल हैं। साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विदयालयों में प्रवेश, स्कॉलरशिप, वन अधिकार, वन-धन विकास केन्द्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना शामिल हैं। इन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में देवमई की बीडीओ, जोगापुर ग्राम प्रधान अनुज कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्य, पूनम अवस्थी समेत गांव के लोग मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

आज रिलीज होगा ऋतिक की 'फाइटर' का टीजर...

मुंबई। ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर अभिनीत फिल्म 'फाइटर' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ये फिल्म तो अगले साल रिलीज होगी। मगर, फिलहाल इसे लेकर एक बेहद दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो फैंस का उत्साह कई गुना बढ़ा देगी। दर्शकों को इस फिल्म के टीजर और ट्रेलर का इंतजार है। आज इसके टीजर की रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है।सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित 'फाइटर' अगले साल की बहु प्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। गुरुवार को सिद्धार्थ आनंद ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म के टीजर को लेकर जानकारी साझा की है।

लाइफ Style

तृप्ति

बोल्ड सीन पर की खुलकर बात

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोशल मीडिया पर रणबीर और तृप्ति के अंतरंग दृश्य की चर्चा इन दिनों खूब हो रही है। तृप्ति ने फिल्म में जोया की भूमिका निभाई है और उनके अभिनय को आलोचकों और दर्शकों ने समान रूप से सराहा है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने रणबीर कपूर के साथ अपने बहुचर्चित अंतरंग दृश्य के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इस दृश्य की शूटिंग के दौरान उनके सह-कलाकार ने कैसे उनका सहयोग किया था। अंतरंग दृश्य पर चर्चा करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि कैसे उन्हें सक्रिप्ट स्तर पर ही दृश्य के बारे में बताया गया था। उन्होंने कहा "प्रोजेक्ट साइन करते समय, संदीप ने मुझसे कहा कि एक दृश्य है और मैं इसे इस तरह से शूट करना चाहता हूं, लेकिन मैं इसे सौंदर्य की दृष्टि से अद्भुत बनाऊंगा। मैं ब्यूटी एंड द बीस्ट जैसी छवि बनाना चाहता हूं। मैं इसे आप पर छोड़ता हूं, चाहे आप सहज हों या सहज न हों, आप मुझे बता दीजिए। हम इसी तरह का काम करेंगे।' तृप्ति ने साझा किया कि रणबीर और संदीप ने यह सुनिश्चित किया कि वे दृश्य करने में सहज हों। उन्होंने यह भी बताया कि रणबीर हर पांच मिनट में आकर उनका हालचाल लेते थे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें अजीब महसूस न हो। अभिनेत्री ने बताया कि वे मुझसे पूछते रहे कि क्या मैं ठीक हूं।

संदीप रेड्डी वांगा की 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन कर रही है। यह फिल्म अब तक वर्ल्डवाइड 500 करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुकी है। फिल्म में रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, बॉबी देओल के साथ तृप्ति डिमरी की एक्टिंग की भी जमकर तारीफ हो रही है।

हॉलीवुड मसाला

हॉलीवुड छोड़ने जा रहीं जोली

लॉस एंजिलिस। एंजेलिना जोली ने हॉलीवुड और लॉस एंजेलिस को लेकर दिए एक बयान से फैंस को चौंका दिया है। अभिनेत्री ने हाल ही में खुलासा किया कि वह लॉस एंजिलिस से बाहर जाने की योजना बना रही हैं। एक साक्षात्कार मे एंजेलिना ने कहा कि उन्हें सही समय आने पर कंबोडिया में स्थानांतरित होने की उम्मीद है। उन्होंने स्वीकार किया कि एलए छोड़ने के बारे में सोचने का एक कारण ब्रैड के साथ उनका तलाक और परिवार का कानूनी कार्यवाही में उलझना है।

गॉडजिला एक्स कांग का ट्रेलर रिलीज...

लॉस एंजिलिस। साल 2021 में रिलीज हुई हॉलीवुड की शानदार फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कांग' की दुनिया अब और बड़ी होने जा रही है। फिल्म की अपार सफलता के बाद मेकर्स फिल्म का दूसरा रूप लेकर दर्शकों के सामने आ रहे हैं। दो साल पहले जहां गॉडजिला और कांग के बीच हुए जबर्दस्त क्लैश के बाद अब दोनों ही मॉन्स्टर्स एक रोचक कहानी के साथ हॉलीवुड प्रेमियों का मनोरंजन करने के लिए लौट रहे हैं। दअरसल, इस बार कोंग और गॉडजिला एक-साथ मिलकर हमारी दुनिया की गहराई में छिपे एक खतरे से सभी को बचाते नजर आएंगे। 'गॉडजिल एक्स कोंग' ट्रेलर रिलीज हो गया है। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स द्वारा हाल ही में 'गॉडजिला एक्स कॉन्गः द न्यू एम्पायर' का जबर्दस्त ट्रेलर रिलीज किया गया है।

'रॉकी भाई' के साथ करेंगी रोमांस...

मुंबई। जब से 'रॉकी भाई' यानी यश ने अपनी नई फिल्म की अनाउंसमेंट की है, तबसे कुछ न कुछ नया अपडेट सामने आ रहा है। इससे फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ती जा रही है। यश ने हाल ही अनाउंस किया था कि वह अपने नए प्रोजेक्ट का नाम 8 दिसंबर को रिलीज करेंगे। अभी तक सभी यह मानकर चल रहे थे कि यह नया प्रोजेक्ट शायद केजीएफ 3 हो सकता है, क्योंकि यश ने अपना लुक भी अब तक 'रॉकी भाई' जैसा ही रखा है। पर ऐसा नहीं हुआ। अब फैंस को 8 दिसंबर का बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच एक दिलचस्प अपडेट सामने आया है। और वो यह कि 'यश 19' में एक्टर के ऑपोजिट साई पल्लवी नजर आएंगी। हालांकि अभी कुछ भी कन्फर्म नहीं है।

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए

मुंबई। साउथ सुपरस्टार दलपति विजय ने हाल ही में चेन्नई में मिचौंग के कारण आई बाढ़ के बारे में बात की है। अभिनेता ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा कर लिखा कि लोग अभी भी बुनियादी सुविधाओं के बिना पीड़ित हैं। उन्होंने अपने संगठन विजय मक्कल अयक्कम के सदस्यों से लोगों की सहायता के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने को कहा है। दलपति विजय ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'चेन्नई और उसके उपनगरों में चक्रवात मिचौंग के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। रिपोर्टों से पता चलता है कि हजारों लोग पीने के पानी, भोजन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के बिना पीड़ित हैं। सोशल मीडिया पर कई लोग बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए मदद की गुहार लगाते रहते हैं।

टीवी मसाला

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को मिली नई मिसेज सोढ़ी

मुंबई। छोटी पर्दे का मशहूर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो के एक-एक किरदार और इसकी कहानी दर्शकों को बेहद पसंद आती है।

यह वजह है कि इतने साल बाद भी इस शो का क्रेज लोगों के बीच अब भी बना हुआ है। इस सीरियल के सभी कलाकार अपने किरदार में इस तरह डूब चुके हैं कि दर्शक इन्हें उनके असली नाम से नहीं बल्कि इनके किरदारों के नाम से जानता है। शो के इन्हीं किरदारों में से एक मिसेज सोढी उर्फ जेनिफर मिस्त्री भी बीते 15 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रही थीं। हालांकि, पिछले दिनों जेनिफर ने 'तारक मेहता' के निर्माता असित मोदी पर यौण शोषण के गंभीर आरोप लगाते हुए इसे छोड़ दिया। शो से उनके जाने के बाद से ही हर कोई निराश था, लेकिन इस बीच अब 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नई मिसेज रोशन की एंट्री हो गई है। दरअसल, शो के मेकर्स ने दर्शकों के सामने एलान कर दिया है कि अभिनेत्री मोनाज मेवावाला 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जेनिफर मिस्त्री को रिप्लेस करेंगी।

के-पॉप सिंगर की एंट्री : 'जन्म से विदेशी लेकिन दिल से देसी'...

मुंबई। 'बिग बॉस 17' अब और भी दिलचस्प होने के लिए तैयार है। जैसा कि घर में पहले से ही कई झड़पें, झगड़े और उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है, अब इस शो में एक और वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई है। कलर्स टीवी के जारी किए गए नए प्रोमो से पता चला है कि सबसे बड़े के-पॉप सिंगर्स में से एक 'बिग बॉस 17' के घर में वाइल्ड कार्ड एंट्री करने जा रहे हैं। ये और कोई नहीं बल्कि सबसे बड़े के-पॉप सेंसेशन में से एक ऑरा हैं। बिग बॉस 17 में एक और वाइल्ड कार्ड एंट्री होने वाली है। कलर्स टीवी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जारी नए प्रोमो के अनुसार, एक कोरियाई सेलिब्रिटी औरा घर में एंट्री करेंगे। प्रोमो में उन्हें विवेक ओबेरॉय की फिल्म 'किसनाः द वॉरियर पोएट' का गाना 'वो किसना है' गाते हुए दिखाया गया है। प्रोमो की शुरुआत ये कहते हुए हुई है कि, 'कृपया सबसे बड़े के-पॉप सेंसेशन का स्वागत करें।'

रिलीज डेट से आगे बढ़ी 'ऑपरेशन वैलेंटाइन'...

मुंबई। साल 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली अभिनेत्री मानुषी छिल्लर जल्द ही साउथ फिल्मों में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता वरुण तेज के साथ फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' से वह अपना साउथ डेब्यू करेंगी। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स की बहुप्रतीक्षित देशभक्ति थ्रिलर 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' की नई रिलीज डेट होगी। फिल्म निर्माता दर्शकों को सर्वोत्तम सिनेमाई अनुभव कराने का आश्वासन देते हैं। दर्शकों के बेहतरीन सिनेमा देखने का अनुभव प्रदान कराने के लिए निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। फिल्म की नई तारीख की जल्द ही घोषणा की जाएगी। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाते हुए एक आधिकारिक बयान जारी किया है। फिल्म मेकर्स के आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'वरुण तेज और मानुषी छिल्लर की 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' की दर्शकों को बेहतरीन सिनेमाई अनुभव प्रदान करने के लिए एक नई रिलीज डेट होगी।

मूड रिफ्रेश कर देगी सुहाना-अगस्त्य स्टारर 'द आर्चीज'

मुंबई। सुहाना खान, अगस्त्य नंदा और खुशी कपूर के डेब्यू के चर्चे लंबे वक्त से हो रहे हैं. तीनों बॉलीवुड के बड़े स्टार्स के बच्चे हैं। शाहरुख खान की बेटी सुहाना, अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर को आजतक उनके पेरेंट्स और परिवार के नाम से जाना गया है। लेकिन अब फिल्म 'द आर्चीज' के साथ ये तीनों यंग सितारे फिल्मी दुनिया में कदम रख चुके हैं। फिल्म 'द आर्चीज' का ऐलान जब जोया अख्तर ने किया था तो उन्होंने वादा किया था कि 60 के दशक में शुरू हुई इस कॉमिक को अपनी फिल्म में भी वो उसी अंदाज में

दिखाएंगी, जिस अंदाज में हम सभी ने आर्ची एंड्रूज की कहानी को आजतक पढ़ा है। आर्चीबाल्ड एंड्रूज उर्फ आर्ची एक आम लड़का रहा है, जो अपने दोस्तों के साथ नए नए एडवेंचर करता है। उसकी बचपन की दोस्त है बेट्टी कूपर और उसकी मोहब्बत है वेरोनिका लॉज। इस कहानी में रेजी, जगहेड, डिली और एथल जैसे किरदार भी शामिल रहे हैं। बस इन्हीं सबको जोया नेटफ्लिक्स की अपनी फिल्म 'द आर्चीज' में एक बार फिर साथ लेकर आई हैं।

सुनील फिल्मों और वेब सीरीज में अपने अभिनय का लोहा मनवा रहे हैं

चलते शो को टाटा बोलकर सितारों ने फैंस को दिया झटका

नई दिल्ली। बेहतरीन काम और शानदार किरदार के चुनाव के जरिए कुछ सितारे फैंस के दिलों पर छा जाते हैं। लोगों से जुड़े रहने का सबसे बढ़िया साधन किसी शो का हिस्सा बनना है। रोजाना प्रसारित होने वाले डेली सोप से लोग खुद को जोड़ पाते हैं, और कई दफा कहानी को गंभीरता से लेते हुए उस किरदार के जीवन में घटने वाली घटनाओं को सच मानने लगते हैं। जब पसंदीदा किरदार रोता है, तो फैंस भी रोते हैं। साथ ही जब किरदार के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो फैंस भी मुस्कुराते हैं। हालांकि, टेलीविजन जगत के कुछ सितारे ऐसे भी रहे हैं, जिन्होंने जनता के दिलों में जगह बनाने के बाद चर्चित शो को बीच में ही छोड़ दिया, जिसने फैंस को तगड़ा झटका दिया।

हिना खान : टेलीविजन जगत से करियर की शुरुआत करने वालीं अभिनेत्री हिना खान ने अपनी प्रतिभा के दम पर बॉलीवुड तक का सफर तय किया। छोटे पर्दे के शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अक्षरा का किरदार निभाकर हिना घर-घर में पॉपुलर हो गईं। यह अभिनेत्री का पहला शो था। कई वर्षों तक शो से जुड़े रहने के बाद हिना ने अचानक से ही इसे अलविदा कह दिया। रोजाना अक्षरा के किरदार में हिना को देखने और पसंद करने वाले सितारों को इससे तगड़ा झटका लगा था। अभिनेत्री ने शो छोड़ने के पीछे के कारण का खुलासा करते हुए कहा था कि वह पेशेवर जिंदगी में अलग-अलग किरदारों में खुद को ढालना चाहती हैं।

दिशा वकानी : पारिवारिक शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का सबसे बड़ा चेहरा दिशा वकानी जो कि दया बेन के किरदार में नजर आती थीं ने शो को अलविदा कहकर हर किसी को दुखी कर दिया। लोगों को दया बेन के किरदार में दिशा वकानी को देखने की आदत हो गई थी। यही कारण रहा है कि निर्माताओं को भी अब तक दया बेन के किरदार के लिए कोई दूसरा उचित चेहरा नहीं मिल पाया है। जानकारी हो कि प्रेग्नेंसी के वक्त दिशा वकानी ने मैटरनिटी लीव ली थी, लेकिन वह दोबारा शो में वापस नहीं लौटी। कई दफा मेकर्स की ओर से दिशा से बातचीत की खबरें सामने आ चुकी हैं।

धीरज धूपर : 'कुंडली भाग्य' में करण लूथरा का किरदार निभाकर धीरज धूपर ने खूब तारीफें बटोरीं। शो के साथ-साथ करण की भूमिका निभाने वाले धीरज को भी दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। सबकुछ बेहतर चल रहा था, लेकिन अचानक से धीरज के जरिए शो को अलविदा कहने की जानकारी सामने आई। अभिनेता ने इसके पीछे का कारण निजी जिंदगी में आई नई जिम्मेदारियों को बताया। हालांकि, उनके इस कदम से उनके चाहने वालों को तगड़ा झटका लगा।

सुनील ग्रोवर : कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर ने 'द कपिल शर्मा' शो से जुड़कर खूब प्रशंसा हासिल की। शो में सुनील ने कभी गुत्थी तो कभी डॉक्टर मशहूर गुलाटी बनकर लोगों का दिल जीता। हालांकि, एक दौर ऐसा भी आया जब दो दोस्तों सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा में झड़प हो गई, और यह झड़प इतनी बड़ी रही कि सुनील ने खुद को शो से दूर करना ही बेहतर समझा। फिलहाल सुनील, फिल्मों और वेब सीरीज में अपने अभिनय का लोहा मनवा रहे हैं।